संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 28 मई 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 145 पृष्ठः 12+04 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## चौथी तिमाही में बीएसएनएल को 280 करोड़ रुपये का मुनाफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। बीएसएनएल ने लगातार दूसरी तिमाही में मुनाफा कमाया है। कंपनी को 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बीएसएनएल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 280 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी को तीसरी तिमाही में 261 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। यह लगातार दूसरी तिमाही है, जब कंपनी लाभ में रही है। बीएसएनएल को इससे पिछले वित्त वर्ष की सामान अवधि में 849 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी के अनुसार लगातार दो तिमाहियों में मुनाफे के साथ वित्त वर्ष 2024-25 में उसका घाटा सालाना आधार पर 5,370 करोड़ रुपये से घटकर 2,247 करोड़ रुपये रह गया है।

# पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट भारत में ही बनने का रास्ता साफ, सरकार की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए इस स्टील्थ, मल्टीरोल, एयर सुपीरियॉरिटी फाइटर में छठी पीढ़ी की आधुनिक प्रौद्योगिकियां भी शामिल होंगी। यह वायु सेना में स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, सुखोई-30 एमकेआई, राफेल और नौसेना के एचएएल नेवल तेजस और मिग-29 की जगह लेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन मॉडल को मंजूरी दे दी है।



### एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा

एडीए जल्द ही एएमसीए विकास चरण के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी करेगा। एएमसीए प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय कंपनियां बोली लगाकर इस कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। स्वदेशी विशेषज्ञता, क्षमता और सामर्थ्य का उपयोग करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। भारत में बनने वाले पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) का मॉडल इसी साल बेंगलुरु में एयरो इंडिया के इंडिया पवेलियन में प्रदर्शित किया गया था। पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ, मल्टीरोल, एयर सुपीरियॉरिटी फाइटर में छठी पीढ़ी की आला प्रौद्योगिकियां भी शामिल होंगी।

### मल्टीरोल

☐ स्टील्थ, मल्टीरोल, एयर सुपीरियॉरिटी फाइटर में छठी पीढ़ी की आधुनिक प्रौद्योगिकियां होंगी

अब एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) निजी उद्योग की साझेदारी में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

## फास्ट न्यूज

### '2026 तक असम में बाल विवाह पूरी तरह से बंद हो जाएंगे'

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि साल 2026 तक राज्य में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उन्होंने दावा किया कि असम सरकार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के फैसले के चलते बाल विवाह की घटनाओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार बाल विवाह प्रथा को रोकने के प्रयास कर रही है और उसके प्रयासों को पहचान भी मिल रही है।

**मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में भी हुई तारीफ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में जब एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, उसमें भी बाल विवाह रोकने के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी एनडीए के मुख्यमंत्रियों से बाल विवाह प्रथा को खत्म करने के लिए असम मॉडल अपनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को असम जाकर ये पता लगाने का भी निर्देश दिया कि किस तरह से राज्य में बाल विवाह में तेज गिरावट आई है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में सभी राज्यों ने उनके अच्छे कामों की जानकारी दी, जिनमें जल संरक्षण, प्रशासनिक ढांचा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और खेल आदि से जुड़ी योजनाएं शामिल रहीं।

### सरकार ने निर्यात से जुड़े नए दिशा-निर्देश किए जारी

**नई दिल्ली:** भारत सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण (एए) धारकों, निर्यातोन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में काम करने वाली इकाइयों के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) योजना के लाभों को बहाल कर दिया है। ये लाभ एक जून, 2025 से किए जाने वाले सभी पात्र निर्यातों पर लागू होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण (एए) धारकों, निर्यात-उन्मुख इकाइयों (ईओयू) और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में काम करने वाली इकाइयों की ओर से किए गए निर्यात के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लाभ बहाल करने की घोषणा कर दी है।

☐ ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगेः प्रधानमंत्री मोदी ☐ पाकिस्तान पर प्रधानमंत्री बोले, एक कांटा पूरे शरीर को देता है पीड़ा, हम कांटा निकालकर दम लेंगे

# आतंकवाद के कांटे को निकालकर ही रहेंगेः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गांधीनगरः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को देश विभाजन को भारत की पीड़ा का मूल कारण बताते हुए कहा कि 1947 में मां भारती के अंग काट दिए गए, जबकि जंजीरें कटनी चाहिए थीं। उसी रात कश्मीर पर पहला आतंकी हमला हुआ और पाकिस्तान ने मुजाहिदीनों के जरिये भारत का हिस्सा हड़प लिया। अगर तब ही सख्त कार्रवाई की गई होती, तो 75 वर्षों का यह आतंकवाद न झेलना पड़ता।

उन्होंने कहा, एक कांटा पूरे शरीर को पीड़ा देता है और हमने तय कर लिया है कि अब वह कांटा निकालकर ही दम लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में गुजरात अर्बन ग्रोथ स्टोरी के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया और शहरी विकास वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शहरी ढांचे का नियोजित विकास था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शहरी विकास, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

### पाक को चेतावनी

☐ 1947 में मां भारती के अंग काट दिए गए, जबकि जंजीरें कटनी चाहिए थीं: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### 'पाक आतंक के जरिए योजनाबद्ध युद्ध लड़ रहा'

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान आतंक के जरिये भारत के साथ कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने पड़ोसी देश को चेताया कि इसका जवाब भी उसी तरीके से दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के शहरी विकास की 20 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया।

### 'अपने लोगों के बने उत्पादों को बढ़ावा देना होगा'

भारत दुनिया की चौथी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि देश ने यही आर्थिक गति बनाए रखी तो जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश भी बन जाएगा। लेकिन इसके लिए कोशिश केवल देश के बड़े उद्योगपतियों और निर्माताओं की ओर से ही नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि यह कोशिश सामान्य आदमी की ओर से की जानी चाहिए।

### भारत घरेलू उपभोग को प्रोत्साहित करें

**निर्माण** को अपनी ताकत बनाकर चीन और जापान दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं। इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपने देश की कंपनियों को स्वदेश में ही निर्माण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भारत को बिना कोई दंडात्मक नीति अपनाए घरेलू निर्माण, घरेलू उपभोग और घरेलू बचत को प्रोत्साहित करना चाहिए।

### जल्द बनेंगे तीसरी अर्थव्यवस्था- गोपाल

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आर्थिक मामलों के जानकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भारत के दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की बात कोरी कल्पना नहीं है। यह ठोस आंकड़ों पर आधारित है और विश्व की जानी-मानी संस्थाएं भी इसे स्वीकार कर रही हैं। मूडीज ने भारत की आर्थिक शक्ति में तेज वृद्धि का अनुमान लगाया है।



देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी।

## टीएमसी सांसदों ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। सांसदों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि विशेष सत्र में पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा कराई जाए। लोकसभा और राज्यसभा के तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की पुराने संसद भवन संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक के बाद राज्यसभा में पार्टी की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि हम सभी ने प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। हमने कहा है कि सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के पांच जून को यात्रा से लौटने के बाद संसद का एक विशेष सत्र आयोजित किया जाए।

## देश का कोयला आयात 2024-25 में 7.9 फीसदी घटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देश का कोयला आयात बीते वित्त वर्ष 2024-25 में 7.9 फीसदी घटकर 24.36 करोड़ टन रह गया, जिससे लगभग (60,681.67 करोड़ रुपये) की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश का कोयला आयात 26.45 करोड़ टन रहा था।



कोयला मंत्रालय के मुताबिक कोयला आधारित बिजली उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 3.04 फीसदी बढ़ गया, लेकिन ताप-विद्युत बिजली संयंत्र द्वारा मिश्रण के लिए कोयला आयात में 41.4 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ये आयातित कोयले पर निर्भरता कम करने और कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए जारी भारत के प्रयासों को दर्शाता है।

कोयला मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने और कोयला आयात कम करने के लिए वाणिज्यिक कोयला खनन और मिशन कोकिंग कोल सहित कई पहल को लागू किया है।

इन प्रयासों से वित्त वर्ष 2023-24 के मुकाबले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन में पांच फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।

## *वक्फ अधिनियम 1995 को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस*

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ एक्ट 1995 को चुनौती देने वाली एक नई याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने इस याचिका को ऐसी ही दूसरी



याचिकाओं के साथ टैग करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि हम वक्फ संशोधन कानून 2025 पर सुनवाई कर रहे हैं, आप 1995 के एक्ट को अब चुनौती दे रहे हैं। देरी के आधार ग्राउंड पर हम इसे खारिज कर सकते हैं। तब अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 पर कोर्ट सुनवाई कर रहा है। माइनॉरिटी कमीशन एक्ट 1992 भी कोर्ट में लंबित है। ये कानून तो उसके बाद का है। इस पर सुनवाई क्यों नहीं हो सकती।

## मोदी सरकार ने दूर की पिछड़ों की बाधायें: प्रधान

### राहुल को जवाब

☐ सरकार जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों को शिक्षा, नेतृत्व से दूर रख रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर झूठ और फरेब की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को अपना अधिकार मिल रहा है।




वहीं कांग्रेस काल में उन्हें इससे वंचित रखा गया था। धर्मेन्द्र प्रधान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक आरोप का जवाब दे रहे थे। इसमें राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि योग्य उम्मीदवार न मिलने का बहाना कर सरकार जानबूझकर एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों को शिक्षा और नेतृत्व से दूर रख रही है। इसके जवाब में आंकड़ों के साथ शिक्षा मंत्री ने कहा, कांग्रेस पार्टी को पीलिया हुआ है इसीलिए उनको सबकुछ पीले रंग का ही दिखाई पड़ता है। या यूं कहें कि हर अच्छे में भी उन्हें बुरा ही दिखाई पड़ता है। शिक्षा मंत्री ने राहुल गांधी के इन आरोपों का एक्स पर जवाब दिया। प्रधान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्यनॉट फाउंड सूटेबल (योग्य उम्मीदवार नहीं मिला) जैसी व्यवस्था कांग्रेस की दलित-विरोधी नीति की देन थी।

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने 2019 में ऐतिहासिक कानून लाकर इस अन्याय का अंत किया। उन्होंने कहा कि देश का युवा अब कांग्रेस की इस राजनीति की सच्चाई समझ चुका है। इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री ने केन्द्र सरकार की दो उपलब्धियों का जिक्र किया।

## *अब 15 सितंबर तक दाखिल किया जा सकेगा आईटीआरः सीबीडीटी*

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देशभर के करोड़ों इनकम टैक्स दाखिल वाले करदाताओं के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने




की तारीख बढ़ाने का ऐलान किया है। सीबीडीटी ने वित्त वर्ष 2024-25 और आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर अब 15 सितंबर, 2025 कर दिया है। सीबीडीटी ने यह निर्णय आईटीआर फॉर्म की अधिसूचना जारी करने में देरी के बाद लिया है। आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी है। विभाग ने जारी पोस्ट में लिखा है, सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला किया है।

**परशुराम जन्मोत्सव**

रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों की दी जानकारी

## मुख्यमंत्री सैनी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ने दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पयर्टन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सन्त-महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत आगामी 30 मई को रोहतक के पहरावर में प्रस्तावित भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय समारोह का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण दिया। इस दौरान गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक व समाज के प्रबुद्धजनों से एकत्रित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। मंगलवार बाद दोपहर भाजपा



प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा मुख्यमंत्री आवास सन्त कबीर कुटीर पहुंचे तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। उन्होंने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक के तीसरे कैम्पस पहरावर में शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को समारोह की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें ब्राह्मण समाज की मांगों व गौड़ शिक्षण संस्थान में प्रस्तावित योजनाओं के बारे में चर्चा की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश भर में 36 बिरादरी राज्य स्तरीय समारोह को लेकर जोश व उत्साह में है, जिसके कारण यह समारोह भव्य व ऐतिहासिक होने जा रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है, इस समारोह को सर्व समाज की भावना के अनुरूप सैनिकों व शहीदों के सम्मान में समर्पित किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जानकारी देते हुए बताया कि 50 साल बाद गौड़ शिक्षण संस्थाओं के तीसरे कैम्पस पहरावर में इतना विशाल समारोह होने जा रहा है।

### तैयारियां पूरी

☐ गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक व समाज के प्रबुद्धजनों से एकत्रित मांगों पर विस्तार से चर्चा की

## 31 मई तक जारी होगी नई शिक्षक भर्ती की अधिसूचनाः ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) शिक्षक भर्ती विवाद के बीच सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा एलान किया है। सीएम ने कहा कि नई शिक्षक भर्ती की अधिसूचना 31 मई तक जारी की जाएगी। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वालों को आयु सीमा में छूट मिलेगी। नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को नई भर्ती प्रक्रिया में अनुभव का लाभ मिलेगा। वहीं शिक्षकों की नौकरियों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे। साथ ही नई भर्ती प्रक्रिया भी शुरू



करेंगे। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हमने एसएससी फैसले के मामले में सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। इस समय सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां हैं। सीजेआई के पिछले आदेश का पालन किया जाना चाहिए। अगर हम इसका पालन नहीं करते हैं तो यह कोर्ट की अवमानना होगी। अगर समीक्षा याचिका के दौरान सुप्रीम कोर्ट कहता है कि नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के लिए परीक्षा की जरूरत नहीं है तो हम उसका पालन करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए 31 मई की समयसीमा तय कर दी है। हमारे हाथ बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम लंबे समय से समीक्षा याचिका पर सुनवाई का इंतजार कर रहे थे। लेकिन अब चूंकि समीक्षा याचिका लंबित है, इसलिए हम 31 मई तक नई भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर रहे हैं। हम कानून का पालन कर रहे हैं।

## संपादकीय

# सिंदूर की लाली बरकरार रखेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**हिंदू** स्त्रियों के सुहाग का प्रतीक सिंदूर जब बारूद बन जाता है तो दुश्मन को घुटनों पर ला देता है। यह पूरी दुनिया ने देख लिया है। पहलगाम में 26 महिलाओं का सिंदूर उजाड़ने वालों को ऐसा सबक मिला है जिससे उनकी आने वाली नस्लें भी कांपेगी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान के जर्रे-जर्रे को सुहागिनों के सिंदूर की असल कीमत बता देने के बाद पहली बार गुजरात के भुज पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत 1971 की वीरांगनाओं ने किया। ये वही वीरांगनाएं हैं जिन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए 1971 के युद्ध में रातों-रात गुजरात के भुज स्थित क्षतिग्रस्त हुए भारतीय वायुसेना के रनवे को सिर्फ 72 घंटों में तैयार कर भारतीय सेना की मदद की थी। भुज के माधपरा में रहने वाली वीरांगनाओं ने न केवल प्रधानमंत्री का स्वागत किया बल्कि उन्हें जी भरकर आशीर्वाद भी दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से गदगद माधपरा की इन वीरांगनाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को सिंदूर का एक पौधा भी भेंट किया। प्रधानमंत्री ने भेंट के तौर पर सिंदूर के पौधे को स्वीकार करके वीरांगनाओं से कहा कि वे यह पौधा प्रधानमंत्री आवास पर लगाएंगे। यह पौधा हमेशा बरगद के पेड़ की तरह प्रधानमंत्री आवास में रहेगा। सिंदूर का पौधा भेंट करने वाली वीरांगनाओं में कानबाई हिरानी (80), शामबाई खोखनी (83), लालबाई भूरिया (82) और सामू भंडेरी (75) शामिल थीं। उन्होंने माधपरा की तीन सौ स्वयंसेवी महिलाओं के साथ मिलकर 1971 में पाकिस्तानी बमबारी से क्षतिग्रस्त हुए भुज एयरबेस के रनवे को 72 घंटों से भी कम वक्त में रनवे ठीक किया। उसके बाद उसी रनवे से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और पाकिस्तान को धूल चटाई थी। बहरहाल, हिंदू धर्म में हर सुहागिन महिला का अहम श्रृंगार होता है सिंदूर। मांग में सजने से पहले यह एक लंबी यात्रा तय करता है। सुहागनों का ये श्रृंगार एक विशेष पौधे के बीज से बनता है। सिंदूर की इस यात्रा की कहानी बड़ी रोचक है। सिंदूर के इस पेड़ को अंग्रेजी में कुमकुम ट्री या कमीला ट्री कहते हैं। यह मैलोटस फिलिपेंसिस स्पर्ज परिवार का एक पौधा है। इसमें चटख लाल रंग के फल उगते हैं। इनसे ही पाउडर और लिक्विड फॉर्म में सिंदूर या लिपस्टिक बनाई जाती है। सिंदूर का पौधा आम न होकर बहुत खास है। यह हर जगह नहीं पैदा होता। कुछ खास इलाकों में ही यह उगता है। महाराष्ट्र, गुजरात और हिमाचल के कुछ गिने-चुने इलाकों में ही यह मिलता है। वैसे साउथ अमेरिका में काफी तादात में पाया जाता है। अन्य वनस्पति की तरह यह भी एक ऐसा पौधा होता है जिसके फल से सिंदूर प्राप्त होता है। इसे लिक्विड लिपस्टिक ट्री भी कहा जाता है। सिंदूर का पेड़ 20 से 25 फीट तक ऊंचा होता है। पेड़ के फल से निकलने वाले लाल चटख रंग के बीजों को पीसकर प्राकृतिक सिंदूर बनाया जाता है। न बनाने वाले को कोई नुकसान होता है और न ही मांग में सजाने वाली महिलाओं को। कमीला के पेड़ पर फल गुच्छों में लगते हैं, जो शुरू में हरे रंग के होते हैं। लेकिन बाद में यह फल लाल रंग में बदल जाता है। इन फलों के अंदर ही सिंदूर होता है। वह सिंदूर छोटे-छोटे दानों के आकार में होता है, जिसे पीसकर बिना किसी दूसरी चीजों की मिलावट के सीधे तौर पर प्रयोग में लाया जा सकता है।

# डिजिटल अश्लीलता का बढ़ता आतंक और गिरती संवेदनशीलता

– प्रियंका सौरभ

> "फेसबुक दावा करता है कि उसके पास सामुदायिक मानक हैं – जो नफरत फैलाने, अश्लीलता परोसने और हिंसा भड़काने वाले सामग्री को रोकते हैं। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। अगर कोई उपयोगकर्ता कोई राजनीतिक सच्चाई या तीखी भाषा लिख दे, तो उसकी पहचान कुछ मिनट में अवरुद्ध हो जाती है। लेकिन वही मंच घंटों तक अश्लील वीडियो वायरल होते देखने देता है, बिना किसी हस्तक्षेप के। क्या यह मान लिया जाए कि फेसबुक की नीति यह है –अगर आप सत्य बोलेंगे तो आप खतरनाक हैं, और अगर आप अश्लीलता फैलाएंगे तो आप व्यस्त और उपयोगी उपयोगकर्ता हैं"

फेसबुक दावा करता है कि उसके पास सामुदायिक मानक हैं – जो नफरत फैलाने, अश्लीलता परोसने और हिंसा भड़काने वाले सामग्री को रोकते हैं। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है।


अगर कोई उपयोगकर्ता कोई राजनीतिक सच्चाई या तीखी भाषा लिख दे, तो उसकी पहचान कुछ मिनट में अवरुद्ध हो जाती है। लेकिन वही मंच घंटों तक अश्लील वीडियो वायरल होते देखने देता है, बिना किसी हस्तक्षेप के। क्या यह मान लिया जाए कि फेसबुक की नीति यह है –अगर आप सत्य बोलेंगे तो आप खतरनाक हैं, और अगर आप अश्लीलता फैलाएंगे तो आप व्यस्त और उपयोगी उपयोगकर्ता हैं

जब सोशल मीडिया हमारे जीवन में आया, तो उम्मीद थी कि यह विचारों को जोड़ने, संवाद को मजबूत करने और जन-जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। लेकिन आज, 2025 में, विशेषकर फेसबुक जैसे मंच पर जिस तरह से अश्लीलता और फूहड़ता का आतंक फैलता जा रहा है, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि सभ्यता की चादर में लिपटे हमारे समाज की मानसिक पतनशीलता को भी उजागर करता है।

**अश्लील वीडियो की वायरल संस्कृति: मनोरंजन या मानसिक विकृति?**

आज फेसबुक पर एक महिला या किसी व्यक्ति की निजता से खिलवाड़ करती हुई अश्लील वीडियो अगर गलती से अपलोड हो जाती है, तो उसके रिपोर्ट और हटने से पहले ही लाखों लोग उसे डाउनलोड, साझा और एक-दूसरे से माँग लेते हैं। यह सिलसिला इतना भयावह और संगठित रूप में होता है कि लगता है जैसे सभ्य समाज नहीं, किसी डिजिटल भेड़िया झुंड में रह रहे हों। सबसे अधिक विचलित करने वाली बात यह है कि यह सब पढ़े-लिखे, संस्कारी दिखने वाले, प्रोफाइल पर तिरंगा, ॐ या गीता का श्लोक डालने वाले लोग ही सबसे ज्यादा करते हैं।

तो फिर सवाल उठता है – क्या यही हमारी वास्तविक मानसिकता है? क्या हम दोहरे चरित्र वाले समाज के प्रतिनिधि हैं जो मंच पर नैतिकता की बात करता है और अकेले में अश्लीलता का उपभोग करता है?



**समाज की चुप्पी: एक और अपराध**

इन वीडियो को रिपोर्ट करना, विरोध करना और हटवाना तो दूर की बात, लोग इन्हें चुपचाप देखते हैं, सहेजते हैं, और निजी संदेशों में साझा करते हैं। जो कृत्य समाज में निंदा के योग्य होना चाहिए, वह मनोरंजन और मोबाइल संदेशों का हिस्सा बन जाता है। ऐसे में समाज केवल अपराधी का साथ नहीं देता, बल्कि वह खुद अपराध का भागीदार बन जाता है।

**पीड़िता नहीं, समाज शर्मसार हो**

हर बार जब कोई महिला किसी वीडियो में जबरन या धोखे से दिखा दी जाती है, तो समाज उसे कोसने लगता है – जबकि असली दोषी वह नहीं, वह व्यक्ति होता है जिसने उसका वीडियो बनाया, और वे लोग होते हैं जो उसे साझा करते हैं। वास्तव में शर्म तो उस समाज को आनी चाहिए जो दूसरों की पीड़ा को 'क्लिकबेट' और मजा' समझता है।

**फेसबुक की असफलता: सामुदायिक मानक या बिके हुए नियम?**

फेसबुक दावा करता है कि उसके पास सामुदायिक मानक हैं – जो नफरत फैलाने, अश्लीलता परोसने और हिंसा भड़काने वाले सामग्री को रोकते हैं। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। अगर कोई उपयोगकर्ता कोई राजनीतिक सच्चाई या तीखी भाषा लिख दे, तो उसकी पहचान कुछ मिनट में अवरुद्ध हो जाती है। लेकिन वही मंच घंटों तक अश्लील वीडियो वायरल होते देखने देता है, बिना किसी हस्तक्षेप के।

क्या यह मान लिया जाए कि फेसबुक की नीति यह है –
अगर आप सत्य बोलेंगे तो आप खतरनाक हैं,
और अगर आप अश्लीलता फैलाएंगे तो आप व्यस्त और उपयोगी उपयोगकर्ता हैं!

**तकनीक के साथ जिम्मेदारी कहाँ?**

हमें यह समझना होगा कि सोशल मीडिया केवल एक तकनीकी मंच नहीं है, यह अब जनमानस को प्रभावित करने वाला एक सामाजिक ढाँचा बन चुका है। और हर ढाँचे की कुछ जिम्मेदारियाँ होती हैं।

अगर फेसबुक और अन्य मंचों पर सामग्री निगरानी के नाम पर केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहारा लिया जाएगा, और रिपोर्ट करें का विकल्प केवल दिखावा बन कर रह जाएगा, तो यह मंच एक दिन नैतिक रूप से दिवालिया हो जाएगा।

**हम, समाज और हमारी भागीदारी**

अब प्रश्न यह है कि क्या हम केवल फेसबुक को दोष देकर अपने दामन को पाक-साफ मान सकते हैं? बिलकुल नहीं।

जब हम स्वयं ऐसे सामग्री को देख रहे हैं, साझा कर रहे हैं या मौन हैं, तो हम भी अपराध में साझेदार बन जाते हैं।

हमारे बच्चों, बहनों, पत्नियों और समाज की महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून से नहीं होगी – बल्कि हमारी मानसिकता से होगी। और अगर हम वही मानसिकता पालें जो अपराधियों की होती है – दूसरों की निजता को ताकना, उन्हें वस्तु समझना, उन्हें मानवता से नीचे गिराना – तो फिर हम भी किसी से कम दोषी नहीं हैं।

**समाधान की दिशा में कुछ सुझाव:**

1. **डिजिटल नैतिक शिक्षा:** विद्यालयों, महाविद्यालयों और नौकरी के प्रशिक्षण केंद्रों में डिजिटल आचार संहिता पर विशेष कक्षाएँ होनी चाहिए।
2. **कड़ा कानून और डिजिटल सतर्कता:** अश्लील वीडियो को साझा करने वालों पर सख्त साइबर कानून लागू हों और समय पर कार्रवाई हो।
3. **सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही:** फेसबुक जैसी कंपनियों को भारत सरकार के अधीन विशेष निगरानी प्रकोष्ठ में जवाबदेह बनाया जाए।
4. **जन-जागरूकता अभियान:** स्वयंसेवी संस्थाओं, लेखकों, पत्रकारों और जागरूक नागरिकों को मिलकर डिजिटल शुचिता पर अभियान चलाने चाहिए।

**सोच बदलनी होगी**

सभ्यता केवल तन से नहीं होती, मन से होती है।

शब्दों से नहीं, कर्मों से होती है।

अगर हम अपने ही समाज की बहनों की पीड़ा में लज्जा नहीं, मजा ढूंढने लगें – तो यह गिरावट नहीं, मानवता की हत्या है।

इसलिए यह समय है जब हमें फेसबुक को भी आईना दिखाना होगा और खुद को भी।

नहीं तो फेसबुक जल्द ही फूहड़बुक में बदल जाएगा, और हम सब उसमें एक-एक कर डूब जाएंगे – बिना किसी पश्चाताप के।

## कविता

### बनों पक्षियों के मित्र...!

बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,
गर्मियों के मौसम में बनों पक्षियों के मित्र।
चिल-चिलाती धूप और तप रहीं हैं जमीन,
सूखी हवाएँ 'दिनचर्या' को करती गमगीन।
इससे परिन्दों का जीवन प्रभावित हो रहा,
बेजुबाँ भी संघर्ष करने को मजबूर हो रहा।

बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,
गर्मियों के मौसम में बनों पक्षियों के मित्र।
शहरीकरण की मार एवं प्रकृति से हुई दूरी,
नतीजा पशु-पक्षियों की प्यास रहीं अधूरी।
आज छांव और पानी भी तो दुर्लभ हो गए,
ये डिजिटल होकर भी क्यों निर्दयी हो गए।

बढ़ रहा तापमान और घट रहा हरित क्षेत्र,
गर्मियों के मौसम में बनों पक्षियों के मित्र।
गोरैया, बुलबुल, मैना व कबूतर भटक रहें,
पक्षी पानी की तलाश में हलाकान हो रहें।
मानवीय संवेदनाओं को कोई भी न परखें,
आओ छतों या आंगनों में दाना-पानी रखें।

संजय एम

# श्रम के हाथ और भारत का स्वास्थ्य

**संजीव ठाकुर**

जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है' मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है' तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है' इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है' इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके' भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है' इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है' इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा' फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दशार्ते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है।

## विचार

# तम्बाकू के कारण प्रतिवर्ष 80 लाख लोग बनते हैं काल का ग्रास

**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

**यदि** तंबाकू उत्पादन में भारत की बात करें तो चीन और ब्राजील के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। आईसीएआर- केंद्रीय तंबाकू अनुसन्धान केंद्र आंध्र प्रदेश द्वारा प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत में तम्बाकू 36 मिलियन लोगों को आजीविका सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें 6 मिलियन किसान और 20 मिलियन खेत मजदूर शामिल हैं, जो तम्बाकू की खेती में लगे हैं। इसके अतिरिक्त 10 मिलियन लोग प्रसंस्करण, विनिर्माण और निर्यात में काम करते हैं। अकेले बीड़ी बनाने से 4.4 मिलियन लोगों को रोजगार मिलता है और 2.2 मिलियन आदिवासी तेंदू पत्ता संग्रह में लगे हैं। मुख्य लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान, ग्रामीण महिलाएं, आदिवासी युवा और समाज के कमजोर वर्ग हैं। तम्बाकू सालाना 4,400 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा आय में योगदान देता है, जो देश के कुल कृषि-निर्यात का 4% है और 14,000 करोड़ रुपये उत्पाद शुल्क राजस्व में योगदान देता है, जो सभी स्रोतों से कुल उत्पाद शुल्क राजस्व संग्रह का 10% से अधिक है। यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था में तंबाकू का विशेष योगदान है तथापि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह घातक है। 39 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने 15 मई 1986 को 14 वें अधिवेशन में यह पारित किया था कि धूम्रपान न करने वाले लोगों को धूम्रपान के अनचाहे प्रभाव से बचाने के लिए उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाए क्योंकि अनेक स्थानों पर लोग धूम्रपान करते हैं और यह नहीं सोचते कि इसका प्रभाव अन्य व्यक्ति पर क्या हो रहा है। इस प्रकार ऐसे लोगों को जो धूम्रपान नहीं करते उन्हें अनचाहे धूम्रपान के धुंए से संरक्षण प्रदान करने हेतु 31 मई 1987 को पूरे विश्व में तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक प्रस्ताव पारित करके लिया गया था। भारत में भी इस पर कार्य किया गया और गणतंत्र के 54 वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहाँ 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहाँ यह विक्रय करना प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर ७ 30 सेंटीमीटर आकर का सफेद पृष्ठभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर "गैर-धूम्रपान क्षेत्र- धूम्रपान अपराध है" लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रति वर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इतना ही नहीं 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। इसमें विशेष रूप से बालक, वृद्ध और महिलाएं विशेष रूप से होती हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो भारत में प्रति वर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। एक लेख के अनुसार प्रति दिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती हैं जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं। अब प्रश्न उठता है कि भारत में एक और तम्बाकू रोजगार प्रदान करता है तो दूसरी और मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकारक है। तम्बाकू के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, लकवा, स्वांस रोग, दमा,


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मिस वर्ल्ड 2025: एक विवाद, जो सौंदर्य को नए अर्थ देता है

**प्रो. आरके जैन**

**हैदराबाद** की चमकती रातें, जहां सितारों की तरह जगमगाती प्रतिभाएं मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर अपनी छटा बिखेर रही हैं, इस साल एक अनोखे तूफान का गवाह बन रही हैं। यह आयोजन, जो सौंदर्य, बुद्धिमत्ता और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है, केवल ताज और ग्लैमर का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सपनों को पंख देने का मंच है। लेकिन इस बार, एक साहसिक आवाज ने इस चमक को चुनौती दी है। मिस इंग्लैंड 2024 की विजेता मिला मैगी के गंभीर आरोपों ने न केवल आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए, बल्कि यह सोचने पर मजबूर किया कि क्या सौंदर्य प्रतियोगिताएं आधुनिक युग में अपनी प्रासंगिकता और उद्देश्य को बरकरार रख पा रही हैं। फिर भी, इस विवाद ने एक नई रोशनी दिखाई है–पारदर्शिता, जवाबदेही और सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद। 7 मई 2025 को हैदराबाद पहुंचीं मिला मैगी ने मिस वर्ल्ड के मंच पर न केवल अपने देश, बल्कि सामाजिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा था। लेकिन 16 मई को, मात्र नौ दिन बाद, उन्होंने प्रतियोगिता छोड़ दी। ब्रिटिश टैबलॉयड द्यद सनह्व को दिए सनसनीखेज इंटरव्यू में मैगी ने आयोजकों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, मैं बदलाव की मिसाल बनने गई थी, लेकिन मुझे ऐसा महसूस कराया गया जैसे मैं एक वेश्या हूं। हमें अमीर स्पॉन्सर्स के सामने प्रदर्शन के लिए रखा गया। हर टेबल पर हमें मेहमानों का मनोरंजन करने को कहा गया। मैगी ने आयोजन को पुराने जमाने की सोच में फंसा हुआ बताया और कहा कि यह उनकी नैतिकता के खिलाफ था। उन्होंने खुलासा किया कि वह सामाजिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना चाहती थीं, लेकिन वहां मौजूद मेहमानों की असंबंधित बातों ने उन्हें असहज कर दिया। अपनी मां से फोन पर अपनी तकलीफ साझा करने के बाद, उन्होंने प्रतियोगिता छोड़ने का साहसिक फैसला लिया। मैगी के इन बयानों ने आयोजन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए और एक वैश्विक बहस को जन्म दिया। क्या सौंदर्य प्रतियोगिताएं वाकई महिलाओं को सशक्त बनाने का मंच है।

### क्लिक करो, आह भरो

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गाँव** के चौराहे पर डिजिटल इंडिया का रंगीन होर्डिंग लगा था -"हर हाथ में मोबाइल, हर जेब में इंटरनेट।" बगल में खड़ा रामलाल, जो अब तक मोबाइल को टार्च और गाना सुनने की मशीन समझता था, ठिठक गया। उसे लगा जैसे कोई अलौकिक बात कह दी गई हो। उसके मन में सवाल उमड़ पड़ा झ्र "ये इंटरनेट का कीड़ा कहाँ से पकड़ते हैं, मास्टरजी?" मास्टरजी मुस्कराए और बोले, "अब सबकुछ ऑनलाइन है, रामलाल। खेत, खलिहान, राशन, विवाह, मृत्यु प्रमाण पत्र... सब मोबाइल में समा गया है।" रामलाल ने अपने पुराने कीपैड वाले मोबाइल को देखा और बोला, "हमारे मोबाइल में तो बस सिग्नल ही नहीं आता, इंटरनेट कहाँ से आएगा?" चौराहे की चाय की दुकान पर बैठे लोग हँस पड़े। रामलाल ने निर्णय लिया झ्र अब उसका बेटा डिजिटल बनेगा। उसे शहर भेजा कि कुछ सीखे, कुछ कमाए। बेटे ने एक साल में कंप्यूटर सीखा, ऑनलाइन फॉर्म भरना सीखा, 'माउस' को हाथी का बच्चा समझना छोड़ दिया। गाँव लौटा तो साथ में था एक लैपटॉप, जो खुद ही चार्ज माँगता रहता था। गाँव में न बिजली, न नेट। जैसे ही खेत में बैठकर उसने किसान योजना का ऑनलाइन फॉर्म भरा, वेबसाइट ने लिखा झ्र "सर्वर डाउन है। कृपया पुनः प्रयास करें।" रामलाल बोला, "बेटा, ये सर्वर कौन सी फसल है जो हर बार सूखा मारता है?" बेटे ने सिर पकड़ लिया। गाँव में पहली बार डिजिटल शब्द को लोग अपशब्द की तरह लेने लगे। गाँव में एक दिन सरकारी जीप आई, डेक से बजता था झ्र "डिजिटल साक्षरता अभियान में भाग लें।" सबको लगा कि अब सचमुच जादू होगा। सचिव जी बोले, "अब जमीन के कागज भी मोबाइल में होंगे।" रामलाल बोला, "जब जमीन में पानी नहीं, तो मोबाइल में कागज रखके क्या हल जोतूंगा?" अधिकारी बोला, "अब ऑनलाइन आवेदन करना होगा।" एक बुजुर्ग बोले, "बेटा, पहले ये बता दो कि आवेदन की बोरी कहाँ मिलती है?" अधिकारी मुस्करा कर बोला, "बोरी नहीं, वेबसाइट होती है।"

# 125 सिख दंगा पीड़ितों को मिलेगी नौकरी

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 19 को बांटे नियुक्ति पत्र, दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे

**राहत**

**गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने सिख पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने 1984 के सिख दंगों के 125 पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने जा रही है। इनमें से 19 लोगों को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने सिख पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों के पीड़ितो को कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने कभी भी अधिकार नहीं दिए। पिछली सरकारों ने पीड़ितों को किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण ही पीड़ित सिखों को सहायता राशि भी मिल पायी है। गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार पीड़ित सिख परिवारों के साथ खड़ी है। दिल्ली सरकार पीड़ित सिख परिवारों के 125 सदस्यों को नौकरियां देने जा रही है।

वहीं कोविड-19 की स्थिति और तैयारियों पर रेखा गुप्ता ने कहा कि तत्काल कोई चिंताजनक स्थिति नहीं है। कोविड-19 के नए वेरिएंट में अभी तक सिर्फ खासी, जुखाम जैसा एक मौसमी वायरस ही सामने आया है। दिल्ली के लोगों को चिंता करने की कोई जरुरत नहीं है।

गुप्ता ने कहा कि सरकार ने अस्पतालों को एक स्वास्थ्य सलाह भेजी है। जिसमें उन्हें किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। यह सिर्फ एक एहतियाती कदम है।

## नैनी झील बनेगी नया पर्यटन केंद्र, महोत्सव और देव दीपावली को होगा आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार राजधानी के जलाशयों को नया जीवन देने की योजना पर काम कर रही है। इसी कड़ी में विकास और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन की नैनी झील का दौरा कर इसके सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के तहत संचालित इस झील को लेजर शो, मॉडर्न फाउंटेन, शिकारा बोट्स और कैफे के साथ आकर्षक पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय विधायक अशोक गोयल, पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने नैनी झील को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। झील के बीच बने द्वीप पर अत्याधुनिक लेजर शो और एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जो वास्तविक समय में जानकारी, सरकारी संदेश और विज्ञापन प्रदर्शित करेगी। इसके अलावा दो नए एलईडी युक्त फाउंटेन लगाए जाएंगे, जो 20 फीट ऊंचाई और 30 फीट चौड़ाई तक पानी का छिड़काव करेंगे। मौजूदा म्यूजिकल डांसिंग फाउंटेन की मरम्मत के साथ ही न्यूमैटिक सिस्टम से कृत्रिम लहरें उत्पन्न की जाएंगी, जो झील में ऑक्सीजन स्तर बढ़ाने के साथ इसकी सुंदरता को और निखारेंगी।

**सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में कैमरे लगाए जाएंगे:** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए झील में एलईडी लाइट वाली शिकारा बोट्स, रेसिंग बोट्स, वाटर स्कूटर और वेनिस की तर्ज पर गोंडोला बोट्स शुरू की जाएंगी। छोटे कैफे भी बनाए जाएंगे, जहां 15 से 20 लोग बैठ सकेंगे। सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मौजूदा कैफेटेरिया को भी अपग्रेड किया जाएगा, ताकि पर्यटन विभाग की आय बढ़े।

**सांस्कृतिक और पर्यावरण से जुड़े उत्सव होंगे:** मंत्री ने हर सर्दियों में नैनी झील महोत्सव और देव दीपावली के आयोजन के लिए डीटीटीडीसी और पर्यटन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। पर्यावरण संतुलन के लिए झील में बतख, हंस और अन्य पक्षी लाए जाएंगे। ताड़ के पेड़ और सजावटी पौधे लगाए जाएंगे। गर्मियों की छुट्टियों में मांग के आधार पर बोटिंग का समय रात 9 बजे तक बढ़ाया जा सकता है।

## सड़कों से हटाकर गोशालाओं में भेजे जाएंगे निराश्रित गोवंश

दिल्ली सरकार ने सड़कों से निराश्रित गोवंश को हटाकर गोशालाओं में भेजने का निर्णय लिया है। सरकार इसके लिए गोशालाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने जा रही है। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने मॉडल टाउन में गोशालाओं के विकास और गोवंश पुनर्वास के मुद्दों पर गोशाला संचालकों, एमसीडी और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया। मंत्री ने गोशालाओं के विकास और गोवंश पुनर्वास के लिए रोडमैप तैयार करने का निर्णय लिया है। मंत्री ने गोशालाओं के भूमि पट्टे की अवधि बढ़ाने और चारे की दर में वृद्धि जैसे सुझाव भी दिये हैं। इसके लिए 5 जून को विशेष समीक्षा बैठक भी करने का निर्णय लिया है, जिसमें मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल भी शामिल होंगे। उपले जैसे उत्पादों की बिक्री की अनुमति मांगी है ताकि गोशालाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

# 88 बांग्लादेशी अवैध प्रवासी पकड़े गए

**कार्रवाई**

**यह कार्रवाई 10 दिनों तक चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान के दौरान की गई: दिल्ली पुलिस**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे 88 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 10 दिनों तक चलाए गए विशेष सत्यापन अभियान के दौरान की गई। जिसमें कई थानों की टीमों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पकड़े गए सभी संदिग्धों के पास भारतीय नागरिकता से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। इन सभी आरोपितों के पास से बांग्लादेशी पहचान पत्रों की फोटोकॉपी बरामद हुई। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार गृह मंत्रालय के निदेशों के तहत विशेष अभियान के अंतर्गत यह सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सरोजिनी नगर, किशनगढ़, सफदरजंग एन्क्लेव, वसंतकुंज साउथ, कपासहेड़ा, सागरपुर, एएटीएस, दिल्ली कैंट, पालम गांव व वसंत कुंज नॉर्थ थानों की टीमें शामिल रहीं। सभी टीमों को निर्देश दिए गए थे कि वे संभावित क्षेत्रों में गुप्त सूचनाओं के आधार पर सत्यापन करें।

इस विशेष अभियान में गुप्तचरों की मदद से प्रवासियों की पहचान की गई और पूछताछ के दौरान जब वे कोई वैध भारतीय दस्तावेज नहीं दिखा सके, तो उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी प्रवासियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले कई वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे हैं। इन लोगों के पास से बांग्लादेश के पहचान पत्रों की फोटोकॉपी भी बरामद हुई। सभी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। उसके बाद विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ ) की मदद से निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीसीपी के अनुसार इस अभियान के दौरान अब तक कुल 142 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा जा चुका है।

## पत्रकार हत्या मामले में एनएचआरसी ने जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 18 मई को झज्जर जिले के लुहारी गांव में एक पत्रकार की हत्या के मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एक विज्ञप्ति के मुताबिक एनएचआरसी ने हरियाणा पुलिस महानिदेशक से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। उल्लेखनीय है कि झज्जर जिले के लुहारी गांव में एक पत्रकार की हत्या कर दी गई थी। 18 मई को पत्रकार अपने घर के पास टहलने निकले थे। इस दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गए। स्थानीय गांववालों ने घायल

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, चार गिरफ्तार



**खुलासा**

**जो देशभर में चोरी की गई लग्जरी कारों को खरीदकर उन्हें फर्जी दस्तावेजों के सहारे पंजाब में बेचते थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन और किडनैपिंग सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन के तहत पंजाब से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, जो देशभर में चोरी की गई लग्जरी कारों को खरीदकर उन्हें फर्जी दस्तावेजों के सहारे पंजाब में बेचते थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से कुल 21 महंगी लग्जरी कारें बरामद की हैं। जिनमें टोयोटा फॉर्च्यूनर, महिंद्रा थार, किया, क्रेटा और अन्य गाड़ियां शामिल हैं। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को 7 मई को सूचना मिली थी कि आरोपित अवतार सिंह उर्फ सनी अरोड़ा अपने साथी हरप्रीत सिंह उर्फ हनी के साथ चोरी की गई मारुति बलेनो कार में डीएनडी फ्लाईओवर के रास्ते पंजाब जा रहा है। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। गाड़ी की जांच करने पर पाया गया कि उस पर नकली नंबर प्लेट लगी थी और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी फर्जी था। मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली और आसपास के इलाकों से चोरी की गई लग्जरी कारों को पंजाब लाकर बेचते हैं। कारों की चेसिस और इंजन नंबर में हेराफेरी कर फर्जी आरसी तैयार की जाती थी। इन कारों को ये लोग 4 से 5 लाख में खरीदते और कई गुना कीमत पर आगे बेचते थे। उनकी निशानदेही पर अमृतसर, तरनतारण, लुधियाना और फिरोजपुर में छापेमारी कर दो और आरोपित परमदीप उर्फ लोटे और मनप्रीत को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी के अनुसार

गिरफ्तार आरोपित
अवतार सिंह उर्फ सनी अरोड़ा (40) अमृतसर का रहने वाला है।

# फिनटेक फर्म व्यापारियों और एमएसएमई को सशक्त बना रही: सीतारमण

**दौरा**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नोएडा में डिजिटल फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स के कार्यालय का दौरा किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत की फिनटेक कंपनियां देश के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) को मजबूत करने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने में मदद कर रही हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नोएडा में स्थित डिजिटल फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स के कार्यालय का दौरा करने के बाद यह बात कही। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने पाइन लैब्स के कर्मचारियों और स्टाफ सदस्यों से बातचीत की। इस अवसर पर सीतारमण ने देश के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के विस्तार और व्यापारियों तथा एमएसएमई के लिए निर्बाध, सुरक्षित और समावेशी वित्तीय सेवाओं को सक्षम करने में भारत की फिनटेक फर्मों के योगदान की सराहना की। वित्त मंत्री ने मोबाइल रिटेलर और पाइन लैब्स के ग्राहक कुलदीप चौहान से भी बातचीत की हैं, जिन्हें भारत के बढ़ते फिनटेक इकोसिस्टम और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) से बहुत लाभ हुआ है। कुलदीप मोबाइल हाउस के मालिक चौहान नोएडा में मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स बेचने वाले तीन रिटेल स्टोर संचालित करते हैं। देशभर में डिजिटल भुगतान को व्यापक रूप से अपनाने से उनके व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यूपी के हापुड़ जिले के रहने वाले चौहान पहले आम की खेती करते थे। वित्त मंत्रालय का कहना है कि वे आज उन महत्वाकांक्षी भारतीयों की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं जो नए अवसरों का लाभ उठा रहे हैं। भारत की विकास कहानी में योगदान दे रहे हैं, क्योंकि देश प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं, पाइन लैब्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी. अमरीश राउ ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि यह एक रोमांचक और अविश्वसनीय दिन था...यह पूरा घर भरा हुआ था और हमारी वित्त मंत्री अपनी बातचीत और तकनीकी चर्चाओं में पूरी तरह से डूबी हुई थीं। उल्लेखनीय है कि पाइन लैब्स एक मर्चेंट कॉमर्स ऑम्नीचैनल प्लेटफॉर्म है, जो भारत, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशिया में संचालित होता है। पाइन लैब्स डिजिटल भुगतान को सरल

# मेधा पाटकर की याचिका पर हाईकोर्ट और साकेत कोर्ट ने सुनवाई टली

**सुनवाई**

**कोर्ट ने मेधा को अच्छे आचरण की अंडरटेकिंग की शर्त पर परिवीक्षा के रहने की अनुमति दी थी।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दी गई नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को एक लाख रुपए के जुर्माने के मामले पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 9 जून को करने का आदेश दिया। वहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने भी मंगलवार को मेधा पाटकर की याचिका पर सुनवाई टाल दी। दरअसल, 23 अप्रैल को साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जुर्माने की एक लाख रुपए के जुर्माने की रकम जमा नहीं करने पर मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। मेधा पाटकर के खिलाफ वीके सक्सेना ने आपराधिक मानहानि का केस अहमदाबाद की कोर्ट में 2001 में दायर किया था।

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली हाई कोर्ट में सेशंस कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें फिलहाल सजा पर रोक लगाई गई है और हाई कोर्ट में आज ही सुनवाई है। उसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जून को करने का आदेश दिया। दिल्ली हाई कोर्ट ने भी सेशंस कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मेधा पाटकर की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस शलिंदर कौर की बेंच ने 14 और 15 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। इसके पहले कोर्ट ने 25 अप्रैल को कोर्ट ने मेधा पाटकर को जमानत दी थी। दरअसल 23 अप्रैल को साकेत कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जुर्माने की एक लाख रुपए के जुर्माने की रकम जमा नहीं करने पर मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। 23 अप्रैल को सुनवाई के दौरान वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने कहा था कि न तो मेधा पाटकर ने जुर्माने की रकम जमा की है और न ही कोर्ट में उपस्थित हुई हैं। उसके बाद कोर्ट ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया। 8 अप्रैल को सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दी गई मेधा पाटकर को राहत देते हुए एक साल के लिए परिवीक्षा पर रहने का आदेश दिया था। इसका मतलब है कि मेधा पाटकर को मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से मिली तीन महीने की जेल की सजा की जगह एक साल के लिए परिवीक्षा के तहत रहना होगा। कोर्ट ने मेधा पाटकर को अच्छे आचरण की अंडरटेकिंग की शर्त पर परिवीक्षा के रहने की अनुमति दी थी।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। युनिट ने लंबे समय से फरार चल रहे ड्रग तस्कर विजय उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन की शुरूआत इस साल 5 जनवरी को दिलशाद गार्डन से हुई थी। यहां लल्ला बाबू को 502 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि लल्ला नशा विजय और जितेश को सप्लाई कर रहा था। जितेश को गिरफ्तार करने पर उसके पास से 125 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहीं विजय मौके से फरार हो गया। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने गिरोह के मुख्य स्रोत निजामुद्दीन उर्फ निजाम को दबोचा और विजय की आई-20 कार से 99 ग्राम हेरोइन बरामद की । विजय के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर नंद नगरी क्षेत्र से विजय उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया गया।

## मकोका मामले में आआपा नेता नरेश की दूसरी जमानत याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ मकोका के मामले में दायर दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने नरेश बाल्यान की दूसरी जमानत याचिका पर 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने इस मामले के सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत 3 जून तक बढ़ाने का आदेश दिया। वसूली के मामले में 4 दिसंबर, 2024 को नरेश बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार किया था। नरेश बाल्यान की जमानत का दिल्ली पुलिस ने विरोध करते हुए कहा था कि बाल्यान के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और उसके खिलाफ एक पूरक चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। ऐसे में नरेश बाल्यान को जमानत नहीं दी जानी चाहिए। नरेश बाल्यान की ओर से जमानत की मांग करते हुए कहा गया कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब कोई जांच बची नहीं है, ऐसे में आरोपित को हिरासत में रखने का कोई मतलब नहीं है। बाल्यान की ओर से पेश वकील एमएस खान ने कहा था कि एफआईआर दर्ज करने के लिए जरुरी स्वीकृति नहीं ली गई।

# एमटीएनएल का केबल चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश



**काबू**

**पुलिस ने इनके कब्जे से एक अर्थमूवर मशीन समेत 10 किलोग्राम केबल बरामद की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अर्थमूवर मशीन से खुदाई कर एमटीएनएल का केबल चोरी करने वाले एक गिरोह का प्रशांत विहार थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए, गिरोह में शामिल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में चार चोरी का सामान खरीदने वाले भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अर्थमूवर मशीन समेत 10 किलोग्राम केबल बरामद की है। पुलिस इनसे पूछताछ कर इनके अन्य साथियों का भी पता लगा रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 6 अप्रैल की देर रात प्रशांत विहार थाना पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी।

**पुलिस ने गश्त के दौरान देखा तो हुआ शक**
इस दौरान रोहिणी सेक्टर-9 में कुछ लोगों को अर्थमूवर से एमटीएनएल का केबल खोदते हुए देखा। खुदाई करने को लेकर पूछताछ करने पर वहां मौजूद अर्थमूवर का चालक समेत तीन लोग संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर तीनों ने केबल की चोरी करने की बात कबूल कर ली। आरोपियों की पहचान हरदेव, लकी और अभिषेक के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया कि इनके गिरोह में कई साथी हैं, जो प्रशांत विहार के कई इलाके में केबल की चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

**पुलिस ने गठित की टीम और फिर...:** पुलिस ने गिरोह के अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी विवेकानंद के नेतृत्व में एक टीम गठित की। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हसरत अली, समीउद्दीन, आकाश, ताज मोहम्मद, सरवर आलम, दीपक, शमशेर, आवेश खान, शाकिब, समेत अमित को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 10 किलोग्राम केबल बरामद कर ली। जांच में पता चला कि आरोपित प्रशांत विहार इलाके में ही छह चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। केबल चोरी करने के बाद वह स्क्रैप डीलर को बेच देते थे।

पुलिस ने बताया कि पंकज अर्थमूवर का चालक है। लकी, अभिषेक, सरवर आलम और दीपक गड्ढा होने के बाद उसमें से केबल निकाल लेते थे।

**हसरत अली है गैंग का सरगना**
पुलिस ने बताया कि हसरत अली गैंग का सरगना है और सभी आरोपियों में समन्वय करता था। वह पहले भी ऐसे मामलों में शामिल रहा है। समीउद्दीन और आकाश गिरोह का प्रबंधन करते थे।

# पंजीकृत होंगे योग व प्राकृतिक चिकित्सक: सीएम

दुर्घटना में मृत्यु होने पर आयुष योग सहायकों के परिवारों को 3-3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा, अब पंजीकृत होंगे योग व प्राकृतिक चिकित्सक, इसी वर्ष से होगी शुरूआत, स्कूलों में योग, खेल व अन्य विषयों को शामिल कर पाठ्यक्रम में जोड़कर परीक्षाओं का भी होगा आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करने वाले आयुष योग सहायकों की सेवा के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को अपने ऐच्छिक कोष से तीन-तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि अब योग व प्राकृतिक चिकित्सकों का भी पंजीकरण किया जाएगा, इसकी इसी वर्ष से शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने स्कूलों में पहली से 10वीं कक्षा तक योग को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया हुआ है। अब एक कदम और आगे बढ़ाते हुए योग, खेल व अन्य विषयों को सम्मिलित करते हुए पाठ्यक्रम में शामिल कर औपचारिक रूप से इनकी परीक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। इससे बच्चों को बचपन से ही योग को समझने और जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं आज पंचकूला में आयोजित भव्य योग महोत्सव के दौरान की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सूर्य नमस्कार अभियान 2025 के 264 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सफल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा की मिट्टी में प्रतिभा और परिश्रम की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार अभियान 2025 में योग संस्थानों, आयुष योग सहायकों, शैक्षणिक संस्थाओं, जेल विभाग, पुलिस, सेना और अर्ध सैनिक बलों की भागीदारी रही, जो हमारे लिए गौरव की बात है।





## योग, भारत की प्राचीनतम और बहुमूल्य परंपरा: आयुष मंत्री

*कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आज का यह योग महोत्सव 2025 का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह देखकर अत्यंत संतोष होता है कि हरियाणा के नागरिक योग के महत्व को न केवल समझ रहे हैं, बल्कि उसे अपने जीवन में उतार भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग, भारत की प्राचीनतम और बहुमूल्य परंपरा है, जो केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का भी मार्ग है। यह हमारी संस्कृति की पहचान है, जिसे आज पूरा विश्व अपनाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयासों से जब से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई है, तब से हर वर्ष करोड़ों लोग इससे जुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के अथक प्रयासों से प्रदेश में योग शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर गांव, हर शहर में योग प्रशिक्षकों की उपलब्धता हो, और लोग नियमित योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्यता के साथ मनाएं और योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।*



**आयुष विभाग में पारदर्शिता के लिए लॉन्च किए तीन पोर्टल**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए 3 पोर्टल - ई-मार्केट प्लेस पोर्टल, आयुष औषधि इन्वेंटरी पोर्टल और ई औषधि लाइसेंसिंग पोर्टल भी लॉन्च किये। इनमें ई-मार्केट प्लेस पोर्टल के माध्यम से औषधीय पौधे तैयार करने वाले किसान, स्टाकिस्ट आदि अपना पंजीकरण कर सकेंगे। उनसे कोई भी व्यक्ति औषधीय पौधों की खरीद कर सकेगा। आयुष औषधियों की प्रबंधन प्रणाली पर आयुष विभाग के अधिकारी औषधियों की मांग कर सकते हैं और स्टॉक अपडेट देख सकते हैं। इसके अलावा, लाइसेंसिंग पोर्टल पर नये अथवा लोन लाइसेंस प्राप्त करने, पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण आदि के लिए आवेदन किया जा सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह योग महोत्सव एक विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह आगामी 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 से ठीक 25 दिन पहले आयोजित किया जा रहा है।

### आधुनिकता के साथ जुड़ रहा प्राचीन विज्ञान

*पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, गांव देवरखाना जिला झज्जर में पोस्ट ग्रेजुएट योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई है। इसमें ओ.पी.डी. की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 6500 गांवों में व्यायामशालाएं खोलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए 1121 जगहों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 714 व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इन व्यायामशालाओं में 877 आयुष योग सहायकों की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य में सभी आयुर्वेदिक औषधालयों को आयुष हैल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया है।*

### योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं

*युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसे केवल एक घंटे का व्यायाम न समझें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें, इसे अपनी आदत बनाएं। प्रतिदिन कुछ समय योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। इससे न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, बल्कि मानसिक रूप से भी अधिक शांत, केंद्रित और प्रसन्न महसूस करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लेखिका मधु पंडित की पुस्तक द डेली पॉज इन ए मेडिटेशन डायरी फॉर बिज़ी लाइव्स का विमोचन किया।*

# वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए स्थापित हो इन्फ्रास्ट्रक्चर: विज



टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2047 को ध्यान में रखते हुए बिजली निगम द्वारा बिजली के सब स्टेशन एवं पोल इत्यादि की स्थापना की जाए, ताकि देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में हरियाणा के ऊर्जा विभाग का अहम योगदान रहे। विज ने कहा कि राज्य के लोगों को उच्च गुणवत्तापरक व समय पर बिजली मुहैया करवाने के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को मौसम को मद्देनजर रखते आगामी कार्यवाही करनी होगी। विज आज यहां ऊर्जा व परिवहन विभागों की उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**आंधी व बेमौसम बरसात पर लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए निर्देश**

ऊर्जा मंत्री ने पिछले दिनों राज्य में आई आंधी व बेमौसम बरसात पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भविष्य में जितने भी बिजली के सब स्टेशन स्थापित किए जाएं तो जगह इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों व विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाए, ताकि बाढ़ इत्यादि आपदा होने पर सब स्टेशन व उपकरणों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।

इस संबंध में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों आई आंधी व बेमौसम बरसात से हुए नुकसान के आकलन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है और संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों/इंजीनियरों को मौके पर भी भेजा गया है।

### माल आपूर्ति हेतु एजेंसी को किया गया फाइनल

*इसी प्रकार, परिवहन विभाग के लिए बसों के टायरों की मरम्मत हेतु प्रीक्योरेड ट्रेड रबर, बोंडिंग गम तथा वैलकनाइजिंग सोल्यूशन की आपूर्ति के लिए दाम फाइनल करते हुए एजेंसी को कार्य दिया गया। गौरतलब है कि हरियाणा परिवहन विभाग के टायर मरम्मत/रिसोल इत्यादि के लिए करनाल, गुरुग्राम व हिसार में प्लांट संचालित हैं।*

*बैठक में बताया गया कि परिवहन मंत्री अनिल विज के निर्देश पर उत्तर भारत के राज्यों में हरियाणा रोडवेज पहली ऐसी रोडवेज बन गई है।*

# भूमि को सेम-मुक्त करने तथा झींगा पालन के लिए करें समन्वय: कृषि मंत्री

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में सेम-ग्रस्त भूमि को सेम-मुक्त करने तथा झींगा पालन के लिए वे आपस में सामंजस्य एवं समन्वय स्थापित कर एक लाख एकड़ भूमि के सुधार के लक्ष्य को हासिल करें। राणा आज यहां मत्स्य पालन तथा कृषि विभाग की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने भूमि संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, मत्स्य पालन विभाग की आयुक्त श्रीमती अमनीत पी. कुमार, कृषि विभाग के निदेशक राजनारायण कौशिक, मत्स्य पालन विभाग के निदेशक श्रीपाल राठी तथा उप निदेशक संदीप कुमार बेनीवाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि एवं किसान कल्याण तथा मत्स्य पालन मंत्री ने सर्वप्रथम कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा जलभराव एवं खारे पानी वाले क्षेत्रों को मत्स्य पालन के अंतर्गत लाने संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले क्षेत्रों में तालाब निर्माण कर झींगा मछली पालन को प्रोत्साहित किया जाए। इससे जलभराव से होने वाले नुकसान की अपेक्षा उस खारे पानी का मछली पालन में सदुपयोग हो सकेगा। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर इस बारे में खास योजना बनाने के लिए निर्देशित किया। मत्स्य पालन मंत्री को जानकारी दी गई कि विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में अब तक लगभग 240 एकड़ जलभराव से प्रभावित भूमि की पहचान की गई है, जिनमें से 124 एकड़ भूमि पर तालाबों का निर्माण कर उन्हें मत्स्य पालन के अंतर्गत लाया जा चुका है। उन्हें यह भी बताया गया कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। श्याम सिंह राणा ने भूमि एवं जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियां जैसे भूमि सुधार के लिए वर्टिकल ड्रैनेज, सब सरफेस ड्रैनेज व जिप्सम के माध्यम से सुधार, चैक डैम बनाना, रिचार्ज वैल, गली प्लग, क्रेट वायर संरचना, अर्दन बंध, सुरक्षा दीवार/डंगा, कौजवे, ड्रॉप संरचना, रूफ टॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, कुहल, जल ग्रहण ट्रैंच, पारम्परिक जल स्त्रोत नवीनीकरण, भूमिगत पाइपलाइन, कपास की खेती को बढ़ावा देने हेतु सुक्ष्म सिंचाई सहित पक्के तालाब का निर्माण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित पानी की जाँच करने के बारे में विस्तार से समीक्षा की।

**डैशबोर्ड**

भूमि संरक्षण हेतु कृषि विभाग के साथ अन्य विभाग भी मिलकर करें कार्य: श्याम सिंह राणा

# मानसून से पहले ड्रेनों की सफाई को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## मुख्य सचिव 10 जून को प्रगति की करेंगे समीक्षा, लापरवाही के लिए सम्बंधित अधिकारी होंगे जिम्मेवार: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिलों में बाढ़ सुरक्षा प्रयासों की निगरानी कर रहे सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में मानसून सीजन से पहले ड्रेनों की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक शेड्यूल बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि ड्रेन की सफाई का कार्य हर हाल में 15 जून, 2025 से पहले पूरा हो सके। इसके अतिरिक्त, फील्ड में कार्यरत सभी अधीक्षण अभियंताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके संबंधित क्षेत्रों में ड्रेनों की सफाई सही तरह से की जाए। मुख्यमंत्री आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ अल्पकालिक बाढ़ सुरक्षा कार्यों तथा ड्रेनों की आंतरिक सफाई की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। ड्रेनों की आंतरिक सफाई की वर्तमान गति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून आने में बहुत कम समय बचा है और अभी भी यह काम शेष है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए इस सम्बन्ध में सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी अन्य प्रशासनिक सचिवों के साथ 10 जून को फिर से इस कार्य प्रगति की समीक्षा करेंगे। यदि किसी अधिकारी की ओर से कोई लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में ली जाएगी। बाढ़ सुरक्षा के व्यापक उपायों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी अल्पकालिक उपायों पर फोकस करते हुए बाढ़ नियंत्रण से संबंधित चल रही योजनाओं को पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी के लिए आवश्यक पंपों की स्थिति और उपलब्धता का आकलन करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को विशिष्ट क्षेत्रों में जलभराव के कारणों की पहचान करने तथा स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए लक्षित योजनाएं बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और पंचायतों द्वारा अनुशंसित बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**आदेश जारी**

इस कार्य के लिए उन्हें तुरंत एक शेड्यूल बनाने और कार्य की निगरानी के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिए



# सीईटी ग्रुप-सी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य भूपेंद्र चौहान ने बताया कि ग्रुप-C पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 28 मई 2025 से शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया हरियाणा सरकार की नई CET नीति के तहत संचालित होगी, जिसकी अधिसूचना संख्या 42/119/2019-5HR-II दिनांक 31 दिसंबर 2024 को जारी की गई थी। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून 2025 रात 11:59 बजे तक है और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14 जून 2025 शाम 6:00 बजे निर्धारित की गई है। भूपेंद्र चौहान ने बताया कि वे उम्मीदवार जो वर्ष 2022 में 5 और 6 नवंबर को आयोजित ग्रुप सी में शामिल हो चुके हैं, उन्हें अपने पूर्व के ग्रुप रजिस्ट्रेशन नंबर का ही उपयोग करना होगा। नए अभ्यर्थियों को एक नया पंजीकरण नंबर जारी किया जाएगा, जो आगे की सभी प्रक्रियाओं के लिए मान्य होगा। आरक्षित वर्गों के प्रमाण पत्रों के संबंध में भी आयोग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। BC-A, BC-B तथा EWS वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र 1 अप्रैल 2025 के बाद और अंतिम तिथि से पहले जारी होने चाहिए। वंचित अनुसूचित जाति (डीएससी) और अन्य अनुसूचित जाति (ओएससी) वर्ग, ईडब्ल्यूएस एंड तथा ईएसएम वर्गों के प्रमाण पत्र अंतिम तिथि से पूर्व निर्गत होना अनिवार्य है। भूतपूर्व सैनिकों के पारिवारिक सदस्यों के लिए पात्रता प्रमाण पत्र 13 जून 2024 के बाद और अंतिम तिथि से पहले नवीनीकृत या जारी होना चाहिए।

भूपेंद्र चौहान ने अभ्यर्थियों को सलाह देते हुए कहा कि आवेदन पत्र स्वयं भरें, किसी अन्य व्यक्ति से न भरवाएं। अभ्यर्थी सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके पश्चात ही आवेदन पत्र भरें। निर्धारित 15 दिनों की अवधि के भीतर आवेदन अवश्य पूरा कर लें, क्योंकि इसके पश्चात तिथि में कोई विस्तार नहीं किया जाएगा और दस्तावेजों में बदलाव के लिए भी अलग से समय नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की तिथि और एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की सूचना आयोग की वेबसाइट पर अलग से जारी की जाएगी। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए आवेदन प्रक्रिया पूरी करें और अधिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

**दिशा-निर्देश**

भर्ती के लिए आवेदन 28 मई से शुरू, आरक्षित वर्गों के प्रमाण पत्रों को लेकर आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

# हरियाणा में कोरोना मरीजों की संख्या एक दर्जन के पार

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा में कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।पिछले 9 दिन में 13 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से एक मरीज की इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री भी मिली है। देश में भी कोरोना के नए वैरिएंट ने चिंता बढ़ा दी है। अब तक 6 मौतें हो चुकी हैं। महाराष्ट्र में एक पैटर्न भी दिखा है कि खांसी-जुकाम व बुखार के साथ लोगों को डायरिया भी हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक कोरोना के 13 केस आ चुके हैं। सबसे पहले 2 केस 18 मई को गुरुग्राम में मिले थे, जिसमें मुंबई से लौटी महिला और सिक्योरिटी गार्ड कोविड पॉजिटिव मिले थे। इसके बाद फरीदाबाद में कोरोना के मरीज मिले। गुरुग्राम में 6, फरीदाबाद में 5 और यमुनानगर व करनाल में 1झ1 केस मिले हैं। हरियाणा को लेकर राहत की बात ये है कि अभी तक कोरोना से कोई मौत नहीं हुई है।

**सावधानी बरतें**

महाराष्ट्र में एक पैटर्न भी दिखा है कि खांसी-जुकाम व बुखार के साथ लोगों को डायरिया भी हो रहा है

# सरकार आईटी क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही: राव

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे राज्य सरकार द्वारा हारट्रोन के माध्यम से चलाई जा रही सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) परियोजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल युग युवाओं के लिए अनेक नए अवसर लेकर आया है और हरियाणा सरकार उन्हें इस दिशा में सक्षम और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राव नरबीर सिंह हारट्रोन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हारट्रोन के प्रबंध निदेशक डॉ. जे. गणेशन ने उन्हें आईटी क्षेत्र में चल रही पहलों की जानकारी दी।

**स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा: सालाना 1 करोड़ की सब्सिडी**

मंत्री को प्रबंध निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार की स्टार्टअप – 2022 नीति के अंतर्गत मोबाइल ऐप्लिकेशन डेवलपमेंट सेंटर्स की स्थापना के लिए 1 करोड़ रुपये प्रति वर्ष की सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे राज्य में नवाचार और तकनीकी उद्यमिता को बल मिलेगा।

**आईटी स्किल्स ट्रेनिंग: 87 नए सेंटर, 25 हजार विद्यार्थी लाभान्वित**

प्रदेश में भविष्य की आईटी मैनपावर तैयार करने हेतु 87 हारट्रोन एडवांस स्किल्स सेंटर्स खोले जाएंगे।

वर्तमान में 10 सेंटर्स पहले ही कार्यशील हैं।

**स्किल सेंटर**

हारट्रोन के माध्यम से 87 एडवांस स्किल सेंटर स्थापित होंगे, मोबाइल एप डेवलपमेंट के लिए सालाना 1 करोड़

# जैव प्रौद्योगिकी छात्रों के लिए एनएबीआई, मोहाली में एक्सपोजर विजिट

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल (सोनीपत) के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी/बीटेक के 28 छात्रों व 1 शोध छात्र ने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अदिति आर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने 26 मई को राष्ट्रीय कृषि खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, मोहाली का दौरा किया। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृषि-खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएबीआई) भारत का पहला कृषि-खाद्य जैव प्रौद्योगिकी संस्थान है, जिसकी स्थापना 18 फरवरी, 2010 को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा की गई थी। मोहाली में एनएबीआई का दौरा करने वाले छात्रों को सीखने का एक मूल्यवान अनुभव हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को कृषि और खाद्य जैव प्रौद्योगिकी में अत्याधुनिक शोध से अवगत कराना था, उन्होंने बताया कि यह यात्रा निश्चित रूप से कृषि जैव प्रौद्योगिकी और खाद्य एवं पोषण जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में नवीनतम प्रगति के बारे में ज्ञान और समझ को बढ़ाएगी। इसका उद्देश्य एनएबीआई मोहाली और विश्वविद्यालय के बीच नवाचार और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी है। तकनीकी शिक्षा निदेशालय, पंचकूला से अतिरिक्त निदेशक अनिल कुमार सेहरावत और संयुक्त निदेशक बलवान सिंह की ओर से एक्सपोजर विजिट का समन्वय किया गया। वैज्ञानिक-डी डॉ. अमित कुमार राय और वैज्ञानिक-सी डॉ. संजना नेगी ने एनएबीआई मोहाली की ओर से विजिट का समन्वय किया। उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग, हरियाणा ने उच्चतर शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग और तकनीकी शिक्षा महानिदेशक प्रभजोत सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और रोजगार में सुधार लाने के लिए विभिन्न पहल की है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने सरकारी पॉलिटेक्निक और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के शिक्षण संकाय के लिए आईआईटी, दिल्ली में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। हरियाणा के उच्च शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने 10 फरवरी, 2025 को आईआईटी, दिल्ली के एक्सपोजर विजिट के लिए सरकारी पॉलिटेक्निक और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के 60 शिक्षण संकाय के पहले प्रतिनिधियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल सह प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ व्याख्याता, सरकारी पॉलिटेक्निक के व्याख्याता और एसोसिएट प्रोफेसर, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के सहायक प्रोफेसरों सहित 380 से अधिक शिक्षण संकाय सदस्यों ने फरवरी/मार्च/अप्रैल 2025 के दौरान सरकारी पॉलिटेक्निक और एसआईईटी से चरणबद्ध तरीके से आईआईटी, दिल्ली का दौरा किया। एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य प्रतिभागियों को आईआईटी, दिल्ली के अत्याधुनिक शोध, तकनीकी प्रगति और अकादमिक उत्कृष्टता के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना है। तीन संकाय सदस्यों के लिए 24 अप्रैल, 2025 को सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) मोहाली में एक्सपोजर विजिट की व्यवस्था की गयी।

**ज्ञानवर्धक**

ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक पाया, क्योंकि इससे उन्हें कक्षा में सीखने से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ

# अंबाला को टीबी मुक्त बनाने को लेकर नगराधीश ने दिए दिशा-निर्देश

**बैठक**

**टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे बैठक का आयोजन किया गया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के दृष्टिगत टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे एक बैठक का आयोजन किया गया।
नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला अंबाला को टीबी मुक्त बनाने को लेकर संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहें कार्यो एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया भी मौजद रहें ।
नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम सिर्फ मुहिम ही नही बल्कि, समाज को सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाने की दिशा मे एक निर्णाणक कदम है। टीबी मुक्त भारत 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभागों द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयास एवं कार्यो के साथ-साथ आमजन की सहभागिता व सहयोग का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम की उदेश्य की प्राप्ति के लिए सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए यह भी कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर लोगो को जागरूक किया जाएं और आम नागरिको विशेषकर युवाओं को टीबी मुक्त भारत अभियान से जोडा जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को इसमे शामिल कर कार्यक्रम या अन्य माध्यमों से गांवो के लोगो को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें मकसद अंबाला को टीबी मुक्त बनाना है।
उन्होंने जिला टीबी अधिकारी से अंबाला मे टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर विभागो के साथ-साथ अन्य इस कार्य क्षेत्र मे क्रियान्वित सहयोगी संस्थाओं बारे जानकारी ली और आवश्यक जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित संस्थाओं के कार्यो की सराहना की और उन्हें इस सराहनीय कार्यो के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जिसमें रोटरी कल्ब, ओमकार सेवा वेलफेयर सोसायटी, इनर व्हिल क्लब संस्थाओ के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी शामिल है।
उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा टीबी को जड से खत्म करने को लेकर अनेक योजनाए एवं अभियान चलाएं जा रहें है, उन्होंने आमजन से अपील की वे टीबी मुक्त भारत अभियान से जूडे और इस सराहनीय एवं नेक कार्य को करने मे अपनी अहम भूमिका अदा करें।
जिला टीबी अधिकारी डा0 सीमा ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तेहत विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित है जिसमे मुख्यतः निक्षय मित्र योजना, निक्षय पोषण योजना व सूचक प्रोत्साहन टीबी योजना जैसी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजना का मुख्स उदेश्य टीबी मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी की बीमारी को जड से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके टेस्ट व इलाज पूर्ण तौर से निः शुल्क किए जा रहें है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार, कुलदीप सिंह, विभिन्न संस्थाओ से दिनेश सैठी, सुनील अग्रवाल, संदीप चोपडा, नरेश भारद्वाज, मंजीत, सीमा बीम्बरा के प्रतिनिधी के साथ संबंधित विभागों के अधिकारीगण व अन्य मौजूद रहें।

## आरटीए विभाग ने ओवरलोडिड वाहनों पर किया 97 लाख 01 हजार 500 रुपए का जुर्माना:सोनू भट्ट

**चालान**

**ओवर लोडिड वाहनों के लिए 244 चालान, नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**




**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि ओवर लोडिड वाहनों की चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी वाहन चालक नियमानुसार ही वाहनों में समान को लोड करें, अगर किसी भी स्तर पर नियमों के विपरीत ओवर लोडिड वाहन पाए गए तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अहम पहलू यह है कि आरटीए विभाग ने अप्रैल-2025 माह में 244 ओवर लोडिड वाहन चालकों से 97 लाख 01 हजार 500 रुपए का जुमार्ना वसूल किया है।अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने मंगलवार को रोड सेफ्टी की मासिक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से लगातार वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विभाग की तरफ से विशेष टीम का गठन किया गया है, जो दिन-रात ओवरलोडिड वाहनों पर नजर रखती है। इस टीम के प्रयासों से अप्रैल-2025 माह में 244 ओवर लोडिड वाहनों के चालान किए है और इन चालानों से विभाग ने 97 लाख 01 हजार 500 रुपए की राशि का जुमार्ना भी वसूल किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर स्वीकृत लोड से ज्यादा सामान ले जाने वाले वाहनों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। इसलिए विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वाहन के लिए स्वीकृत लोड के हिसाब से ही समान रखना सुनिश्चित करे।
आरटीए सचिव अमन कुमार ने कहा कि आरटीए विभाग की तरफ से समय-समय पर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वर्कशॉप और सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। इन सेमिनार का आयोजन स्कूल और कालेजों में शिक्षा विभाग और कॉलेज प्रशासन के माध्यम से किया जाता है। विभाग की तरफ से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के प्रति शपथ दिलाई गई है। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों में भी स्लोगन लेखन, क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाता है।

## टी डी आई इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** कुंडली में स्थित टी डी आई इंटरनेशनल स्कूल में इस शनिवार को स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपमाला, प्रसिद्ध शिक्षाविद श्रीमान दिनेश जिंदल व अकादमिक निदेशिका श्रीमती कुसुमलता मट्ठू के मार्गदर्शन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर देश के जाने-माने कवि श्रीमान दिनेश रघुवंशी व विशेष अतिथि के तौर पर जितेंद्र कुमार वशिष्ठ और डॉक्टर किरण कपूर ने शामिल होकर चार चाँद लगा दिए।
सर्वप्रथम इन अतिथियों को पौधे, स्मृति चिन्ह व वस्त्र भेंट कर स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में सत्र 2023-24 व 2024-25 में बोर्ड कक्षाओं व अन्य कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मान पत्र वितरण किए गए। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने वहाँ उपस्थित सबका मन मोह लिया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंगारंग राजस्थानी नृत्य प्रस्तुति, छोटे बच्चों द्वारा कव्वाली प्रस्तुति, कथक, भरतनाट्यम व भक्तिमय संगीत प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में शामिल मुख्य अतिथि श्रीमान दिनेश रघुवंशी ने भी मेधावी छात्रों को बधाई दी व जीवन में इसी तरह आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती दीपमाला ने भी सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विकसित भारत के लिए संकल्प: विकसित खेती और समृद्ध किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** विकसित कृषि संकल्प अभियान को सफल बनाने हेतु गांव-गांव जाकर इस अभियान के बारे में जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा रही है। इसी कडी में केविके , अम्बाला से डा. उपासना सिंह, डा. राजेन्द्र सिंह, डा. विक्रम धीरेन्द्र सिंह, डा. अमित कुमार, डा. रमेष कुमार एवं डा. राजन मिश्र ने गांव छोटी बस्सी, जग्गूमाजरा, छज्जनमाजरा, बड़ागढ़, मंगलौर, खेडकी मानकपुर, सैन माजरा, पतरेहड़ी, बुर्ज, तंदवाल, गणेषपुर, कड़ासन, कोडवा खुर्द एवं कोडवा कलां, संतोखी, रछेडी इत्यादि गांवों में जाकर किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में जानकारी दी। डा. सिंह ने बताया कि 29 मई, 2025 से इस अभियान का शुभारम्भ किया जायेगा

## यौन उत्पीड़न पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:**
मेंबर सैक्रेटरी राज्य विधिक प्राधिकरण पचकुला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड? रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 पर एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
इस प्रोग्राम में अधिवक्ता मिस प्रीती सहगल ने यौन उत्पीड? अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी दी तथा इसकी रोकथाम और निवारण के बारे में बताया साथ में यह भी बताया की ऐसे अपराध की कहां शिकायत करनी चाहिए और कंप्लेंट कमेटी के बारे में भी जानकारी दी इस प्रोग्राम में सीजेएम प्रवीण एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला पैनल के सभी अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर्स अधिकार मित्रों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस की महिला टीम ने राजकीय स्कूल रतन डेरा में छात्राओं को किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार)/टीम एक्शन इंडिया**
जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।दिनांक 19 मई 25 को सेफ सिटी की टीम ने राजकीय स्कूल रतन डेरा कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फविरुद्ध अपराध पर रोक लग सके। पुलिस टीम ने स्कूल स्टाफ को दुर्गा शक्ति एप्प मोबाइल प्रयोग करने बारे भी बताया। साथ ही छात्राओं को सडक सुरक्षा तथा साईबर अपराधों बारे भी जागरूक किया। इसके साथ-साथ पुलिस टीम ने शहर में विभिन्न सार्वजानिक स्थानों पर महिलाओं को दुर्गा शक्ति एप्प व डायल-112 की ट्रिप मोनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी

### एबीवीपी को बुनियादी ढांचे की राजनीति से जोड़कर छात्रों के हित में उठाया जाने वाला कदम

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
"आप" हरियाणा के मनोहर लोहिया क्षेत्र के अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मामले में एबीवीपी द्वारा यूनिवर्सिटी गेट पर प्रदर्शन कर छात्रों के भविष्य को देखते हुए चिंता जाहिर की है। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की छात्र शाखा है। बीजेपी के प्रोफेसर अली खान के मामले में तूल दिलवाकर छात्रों की यूनिवर्सिटी में दंगा चाहते हैं। प्रोफेसर अली खान आजाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर हैं और केस कोर्ट में विचाराधीन हैं।
देवेन्द्र गौतम ने कहा कि बीजेपी की देशभक्त सोच पर कटाक्ष करते हुए कहा गया है कि फिलगाम हमलों के बाद बीजेपी के नेताओं ने देश को सबसे ज्यादा शर्मसार किया है। भाजपा नेता द्वारा सेना में उच्च अधिकारी कर्नल मराठा को निशाने पर लेने की बहन को बताया गया। एक बीजेपी नेता ने तो ये तक कह दिया की सेना देश के प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है. सेना का असली अपमान इस देश में भाजपा नेताओं ने किया है। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद (एबीवीपी) को पहले कोई भी कदम उठाने की जरूरत नहीं है।
देवेन्द्र गौतम ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को हुवे कहा कि छात्रों को हितो के हो रहे हनान के छात्रों को प्रदर्शन करने के लिए कदम उठाना चाहिए। ऐसी पार्टी हाईकमैन के आदेश पर धर्मशाला की राजनीति से जुड़े कानून को हाथ में नहीं लेना चाहिए। अपने निजी निजी दस्तावेजों को किसी भी संस्था से जुड़े सदस्यों के भविष्य को ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

## स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है: डा. ब्रहमजीत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है, हम सबका दायित्व बनता है कि जो भी नशे की गिरफ्त में है उसे नशे से बाहर निकालकर समाज की मुख्य धारा में जोडें। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ मुश्तैदी से कार्य करते हुए इस कार्य को करना है और लोगों का भी इसमें सहयोग लेना है। एडीसी उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की बैठक ले रहे थे।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों द्वारा जिलें मे नशे पर अंकुश लगाने को लेकर किए जा रहे कार्यो एवं गतिविधियों बारे विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि नशे जैसी गम्भीर बीमारी को जब जड़ से खत्म किया जाएगा तभी एक समृद्ध समाज की कल्पना की जा सकती है और इसके लिए संबंधित विभागों के साथ-साथ आमजन का सहयोग इसमें बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए हमें मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने ड्रग विभाग से नशे की रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यो बारे जानकारी लेते हुए कहा कि वे समय-समय पर मैडिकल स्टोर पर चैकिंग करें, यदि कहीं किसी मेडिकल शॉप पर प्रतिबंधित ड्रग कि बिक्री की जा रही या कोई गैर कानूनी गतिविधियां पाई जाती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं।

## मानसून को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**दिशा-निर्देश**

**उपायुक्त ने सीवरेज से सम्बन्धित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मानसून को ध्यान में रखते हुए 15 जून से पहले-पहले सभी नालों व ड्रेनों की सफाई का कार्य होना सुनिश्चित होना चाहिए। इसके लिए सम्बन्धित विभाग अपने-अपने क्षेत्रों के तहत आने वाली ड्रेनों व नालो की सफाई का कार्य करवाना सुनिश्चित करें, इन कार्यों की वास्तविकता के तहत एसडीएम भी अपने-अपने क्षेत्रों में इसका जायजा लें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर अपने कार्यालय में ड्रेनों की सफाई व बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत सिंचाई विभाग द्वारा क्रियान्वित शॉर्ट टर्म परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों व अन्य के साथ बैठक लेकर ड्रेनों की सफाई व शॉर्ट टर्म परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय मे आयोजित बैठक के तहत सम्बन्धित विभागों से उनके क्षेत्रों के तहत आने वाली ड्रेनों व नालों की कहां-कहां सफाई हो चुकी है व कहां-कहां बची है, उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रों के तहत जो भी ड्रेन आ रही है उसमें सफाई व्यवस्था का कार्य बेहतर तरीके से करवाएं। ताकि बरसात के दिनों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। उन्होंने शॉर्ट टर्म परियोजना के तहत भी समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी बाढ़ प्रबंधन के तहत शॉर्ट टर्म परियोजना के कार्य है उन कार्यों को तेजी से करवाएं। मकसद जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाए।
कार्यकारी अभियंता कृष्ण भुक्कल ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि बाढ़ प्रबंधन के तहत चार शॉर्ट टर्म परियोजनाएं है, इन चारों परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इसके साथ-साथ उन्होंने नगर निगम, नगर परिषद व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी बेहतर समन्वय बनाकर नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का कार्य करना सुनिश्चित करें।
बैठक के तहत उन्होंने जिले के तहत तटबंधों की भी स्थिति की जानकारी ली और कहा कि यदि कहीं पर तटबंधों को दुरूस्त किए जाने की आवश्यकता है तो उस कार्य को भी प्राथमिकता के साथ करें।
उपायुक्त ने बैठक के क्रम में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सीवरेज से सम्बन्धित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर निगम व नगर परिषद काले तेल की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य विभाग फोगिंग का शैडयूल बनवाना सुनिश्चित करें।

## नूंह पुलिस ने 355.200 किलोग्राम गांजा व कैंटर सहित दो तस्कर किए गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, निरीक्षक जंगशेर प्रभारी अपराध जांच शाखा नूंह पुलिस के नेतृत्व में गठित टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नूंह - सोहना रोड पर केएमपी हाईवे के पास, एक बंद होटल के निकट छापेमारी कर एक कैंटर से 355.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया है । इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
हरिंदर कुमार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार के निर्देश अनुसार अपराध की रोकथाम हेतु नूंह सीआईए की टीम गस्त पर थी। इस दौरान टीम के सब-इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार को गुप्त सूचना मिली कि जिले में एक वाहन में नूंह सोहना रोड के माध्यम से भरकर मादक पदार्थ लाया जाएगा। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर नियम अनुसार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान कृष्ण पुत्र प्रताप सिंह निवासी ढिंचाऊ कला, थाना बाबा हरिदास नगर, नजफगढ़ दिल्ली (हाल पताः गली नंबर 2, सिमरन जीत नगर, बस्ती जोधेवाल, लुधियाना) और ऋषि पाल पुत्र रामशरण निवासी खसौरा थाना हरपालपुर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश (हाल पताः गली नंबर 8, दुर्गा विहार, नजफगढ़ दिल्ली) के रूप में हुई ।
उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कैंटर में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ भरकर ले जाया जा रहा है। इस आधार पर सीआईए नूंह पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कैंटर को रोका और उसकी नियम अनुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान कैंटर से 355.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। कैंटर का चालक कृष्ण और परिचालक ऋषि पाल मौके पर मौजूद थे, जिन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया और थाना रोजका मेव में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। बरामद कैंटर और गांजा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह ने बताया कि आरोपियों को आज अदालत में पेश कर और अधिक गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि नशे के इस तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और स्रोत का पता लगाया जा सके। नूंह पुलिस की इस कार्यवाही को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।
शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि गांजा की खेप तेलंगाना से लाई गई थी, इसको कहां और किसको सप्लाई करना था। इसके लिए रिमांड की तैयारी है। खास बात यह है कि गांजा खेप को कैंटर में भरकर लाया गया था, पुलिस के मुताबिक कैंटर को नशा तस्करी के लिए मोडिफाई कराया हुआ है।
इस कामयाबी से नशा तस्करी को बड़ा झटका लगा है।

## शाहबाद क्षेत्र में हर साल जलभराव की समस्या पर स्थानीय नागरिकों का फूटा गुस्सा



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा (प्रदीप कुमार)**
शाहबाद क्षेत्र हर साल मानसून और बाढ़ की भेंट चढ़ता आ रहा है। लेकिन अभी तक कोई भी पक्के तौर पर समाधान नही किये गए। शाहबाद क्षेत्र को जनता ने प्रदेश को 2 राज्यमंत्री और कई विधायक दिए। लेकिन बावजूद इसके कोई भी नेता मंत्री पानी निकासी और जलभराव जैसी समस्याओं से क्षेत्र की जनता को कोई निजात नही दिला पाया है। हर साल क्षेत्र की गलियां और मुख्य सड़कें जलभराव की चपेट में आ जाती हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र निवासी मृत्युंजय शास्त्री और स्थानीय लोगों ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि हर साल बारिश के समय हमारा इलाका डूबता है, और जिम्मेदार विभाग सिर्फ कागजों में तैयारी दिखाते हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए समाजसेवी मृत्युंजय शास्त्री ने बताया कि जलभराव का मुख्य कारण नालियों की समय पर सफाई न होना,जल निकासी की उचित व्यवस्था का अभाव,सड़कों और नालों का खराब रखरखाव,7 करोड़ की लागत से बना नाला अभी तक चालू न होना है। उन्होंने बताया कि लगभग 6-7 साल पहले बना यह नाला सिर्फ कागजों में पूरा है। बिजली कनेक्शन भी अभी तक नहीं लिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### विद्यार्थियों को ईमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करने की दिलाई शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राज कुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा इंटेग्रिटी प्लेज कैंपेन के अंतर्गत आया कुलम इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड समारोह का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट चीफ डायरेक्टर, करनाल इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने की। फाउंडेशन द्वारा स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी राणा को एक्सीलेंस प्रिंसिपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने स्कूल के विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा लाखों विद्यार्थियों को इंटेग्रिटी प्लेज कैंपेन के माध्यम से सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जा चुकी है। फाउंडेशन द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के शीर्षक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को न रिश्वत लेने, न देने, भ्रष्टाचार उन्मूलन की जागरूकता के लिए कार्य करने, भ्रष्टाचार की सूचना सम्बंधित एजेंसी को देने, कानून का पालन करने, अपने सभी कार्य ईमानदारी एवं पारदर्शिता से करने और हमेशा जनहित के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई जा रही है।
इस अवसर पर स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों तान्या, जैस्मीन, तनवी, श्रेया, उर्वशी, आराध्या, यशिका, हर्ष, परी, संस्कार, केशव, तमन्ना, अभिषेक, अक्षिता, हार्दिक, रोहन, जानवी, दीपिका को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के चेयरमैन महिपाल राणा, संदीप राणा, इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, राष्ट्रीय मुख्य संयोजक सुमित ललित, स्टेट चेयरमैन हरियाणा डॉ आशीष मलिक, जिला इंचार्ज रणजीत गिल, जिला निदेशक डॉ नरेंद्र सिंह, वैद्य हरभगवान, रमन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप काजीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण: योगेंद्र राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राज कुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेन्द्र राणा आज मंगलवार को करनाल कोर्ट परिसर पहुंचे, जहाँ उन्होंने अधिवक्ताओं एवं जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों से भेंट कर उन्हें 29 मई को सालवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह में सादर आमंत्रित किया।
समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह समारोह न केवल ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति, स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाने का माध्यम भी बनेगा। विधायक राणा के करनाल कोर्ट परिसर आगमन पर जिला बार एसोसिएशन ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल मालाओं, तालियों और गर्मजोशी भरे अभिवादन के साथ वकीलों ने उन्हें सम्मानित किया। वकीलों ने विधायक के समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। विधायक योगेन्द्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनकी जयंती न केवल एक उत्सव है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इस समारोह में आपकी उपस्थिति ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में सालवन पहुंच कर समारोह की गरिमा को और ऊँचा उठाएं तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करें। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक राणा को विश्वास दिलाया कि वे पूरे उत्साह और सम्मान के साथ भारी संख्या में समारोह में उपस्थित हो कर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे। इस अवसर पर कोर्ट परिसर में एक उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बार पदाधिकारियों, युवा वकीलों और गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों की जयंती का आयोजन समाज में नई चेतना और प्रेरणा भरने का कार्य करता है।

# हथीन में अवैध गर्भपात के धंधे का भंडाफोड़: सीएम फ्लाइंग की सलमा अस्पताल में रेड

## सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अस्पताल पर छापा मारा

**अवैध गर्भपात**

▶▶ विभाग को गांव भीम सीका के पास जलालपुर मोड पर अवैध गर्भपात की सूचना मिली थी




**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** पलवल जिले के हथीन में स्थित सलमा अस्पताल में चल रहे अवैध गर्भपात के धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अस्पताल पर छापा मारा।
प्रतिबंधित दवाओं का भी इस्तेमाल
उप सिविल सर्जन डॉ. संजय शर्मा के अनुसार विभाग को गांव भीम सीका के पास जलालपुर मोड पर अवैध गर्भपात की सूचना मिली थी। यह स्थान उटावड़ थाना क्षेत्र में आता है। जांच में पाया गया कि अस्पताल में बिना किसी मेडिकल डिग्री के गर्भपात किए जा रहे थे। साथ ही प्रतिबंधित दवाओं का भी इस्तेमाल हो रहा था।
एक नाबालिग और महिला मिली
छापेमारी के दौरान टीम को एक नाबालिग लड़की और एक महिला मिलीं, जिनका गर्भपात किया जा रहा था। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर सलमा न तो अपनी मेडिकल डिग्री दिखा सकी और न ही अस्पताल से संबंधित कोई दस्तावेज पेश कर सकी। टीम ने मौके से गर्भपात की दवाइयां और अन्य सामान बरामद किया।
मामले की जांच में जुटी पुलिस
दोनों पीड़ित महिलाओं को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फर्जी डॉक्टर सलमा को गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उटावड़ थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधिवक्ता परिषद की विशेष बैठक आयोजित, सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।**
**अखिल** भारतीय अधिवक्ता परिषद, पलवल की विशेष मासिक बैठक आज दोपहर करीब 1:00 बजे लेडीज बार रूम, चैंबर बिल्डिंग, पलवल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता शिव कुमार गर्ग द्वारा किया गया।
इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलवल के सह-जिला संघचालक के.पी. सिंह, के.डी. गौतम व अमित गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत समाजसेवी अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक के दौरान आयोजित स्टडी सर्किल सत्र में ह्यवक्फ बोर्ड बिलह्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता उत्पादों पर भगवान के चित्र न होने जैसे सामाजिक मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया गया। वक्ताओं ने समाज में धार्मिक आस्थाओं के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक में पलवल बार एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थित अधिवक्ताओं में महेश भारद्वाज, राम कुमार, राजेश रावत, हरीश शर्मा, बबीता कौशिक, गीता शर्मा, कोमल, किरण शर्मा, अन्नू शर्मा, तरुण गर्ग, राज कुमार शर्मा, राजेंद्र गर्ग, देवेन्द्र हिंगवार, सोमदेव बघेल, भावना, रेणु, अनिल भड़ाना, गोपी चंद बघेल, भारत भूषण चौहान, दिनेश बघेल, सोनल, मन्नू बघेल, अशोक कुमार बघेल, यतींद्र भड़ाना, आराधना शर्मा व ओम प्रकाश सैनी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### स्कूल बस पलटी, सात छात्र घायल, राहगीरों ने बच्चों को निकाला बाहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल (संतोष गर्ग)।** पलवल जिले के होडल-नूंह मार्ग पर मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल की बस पलटने का मामला सामने आया है। हादसा सौंध गांव के पास हुआ, जिसमें सात स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही अभिभावक मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस बहीन, नांगल और मानपुर सहित आसपास के गांवों से बच्चों को लेकर होडल स्थित एक निजी स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सौंध गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश में चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस सड़क किनारे पलट गई।हादसे में घायल बच्चों की पहचान बहीन गांव की संध्या, हर्षिता, हर्षित, प्रियांशु, सौंध गांव के चमन, पहाड़ी गांव के भूपेंद्र और प्रियांशी के रूप में हुई है। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को



बस से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का उपचार नजदीकी अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के परिजन और स्कूल स्टाफ मौके पर तथा बाद में अस्पताल पहुंच गए। बच्चों को सुरक्षित देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली। स्कूल प्रशासन के कर्मचारी भी दुर्घटना स्थल और अस्पताल में मौजूद रहे और स्थिति की जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन की ओर से दुर्घटना की जांच की जा रही है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्कूली बसों की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग की है

### 22 साल की विवाहिता ने लगाई फांसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव फूसगढ़ में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मायके पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।
मृतका की पहचान 22 वर्षीय शिवानी के रूप में हुई है। वह शेखपुरा खालसा गांव की थी, जिसकी शादी 3 साल पहले गांव फूसगढ़ निवासी राहुल के साथ हुई।

### विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी पलवल में शुरू होंगे नए कोर्स: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल (संतोष गर्ग)।**
विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी पलवल में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। स्टूडेंट्स की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पदभार संभालने के बाद यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों के साथ मीटिंग की। उन्होंने यूनिवर्सिटी को नैक और एनआईआरएफ में सर्वोच्च स्थान दिलाने का संकल्प लिया।
कुलपति ने मंगलवार को कहा कि यूनिवर्सिटी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसी सत्र से कई नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। स्टूडेंट्स




की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। प्रत्येक स्टूडेंट को कौशल विकास के साथ 100 प्रतिशत रोजगार दिलाना प्राथमिकता होगी। गुरुग्राम कैंपस का उपयोग प्लेसमेंट और इंडस्ट्री समन्वय के लिए किया जाएगा। प्रोफेसरों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी प्रोग्राम डिजिटल इंडिया मिशन, स्किल इंडिया, सेमी कॉम इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमी कंडक्टर मिशन को ध्यान में रखकर डिजाइन करें।
फामेर्सी, पैरा मेडिकल और टूरिज्म सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए नए प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। कुलपति ने इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और युवा सशक्तिकरण मंत्री गौरव गौतम का आभार व्यक्त किया।

## पलवल: अस्पताल में बवाल, डॉक्टरों से मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप में आठ नौ पर केस दर्ज

**हंगामा**

▶▶ जिले के अपेक्स अस्पताल में उस समय हंगामा मच गया जब एक मरीज की मौत हो गई।

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल (संतोष गर्ग)।** जिले के अपेक्स अस्पताल में उस समय हंगामा मच गया जब एक मरीज की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और आईसीयू में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट भी की




गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में 8-9 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शराब के अत्यधिक सेवन से बिगड़ी हालत**

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलावलपुर गांव निवासी राहुल नामक युवक को 23 मई को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से शराब का अत्यधिक सेवन करता था। अस्पताल में डॉ. विजय रैना की देखरेख में उसका उपचार चल रहा था। बताया गया कि रात लगभग 10 बजकर 10 मिनट तक मरीज की स्थिति सामान्य थी।

**शौचालय में गिरकर बेहोश हुआ मरीज**

राहुल के रिश्तेदार मोहित ने अस्पताल के नर्सिंग कर्मियों को सूचित किया कि राहुल शौचालय जाते समय गिर गया और बेहोश हो गया। इसके बाद उसे तुरंत गहन चिकित्सा कक्ष में ले जाया गया।
इस दौरान मोहित, जो स्वयं एक निजी अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में कार्यरत है, मरीज को जीवन रक्षक उपचार (सीपीआर) देने लगा।
डॉक्टर उपचार कर रहे थे, उसी दौरान परिजन कक्ष में घुस आए अस्पताल संचालक डॉ. अभिषेक के अनुसार, जब डॉक्टर मरीज को बचाने का प्रयास कर रहे थे, तभी परिजन जबरन गहन चिकित्सा कक्ष में घुस गए और उन्होंने अस्पताल कर्मियों के साथ गाली-गलौच व मारपीट की। इसके साथ ही चिकित्सा उपकरणों को नुकसान पहुंचाते हुए तोड़फोड़ भी की गई।

**पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच**

घटना की जानकारी मिलते ही कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। डॉ. अभिषेक की शिकायत पर पुलिस ने 8-9 अज्ञात लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट व संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी धाराओं में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### पलवल की नन्हीं निशानेबाज निष्का ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** हरियाणा रायफल संघ की ओर से आयोजित चौथी हरियाणा प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता-2025 में पलवल की मिट्टी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिव नादर स्कूल की कक्षा सात की छात्रा निष्का माहेश्वरी ने दस मीटर पिस्टल (एनआर) चैंपियनशिप में सब यूथ विमेन व्यक्तिगत वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 में से 302 अंक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ निष्का ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है।
निष्का मूल रूप से गुरुग्राम की रहने वाली हैं, लेकिन वर्तमान में पलवल में निवास कर रही हैं। उनकी मां डॉ. वैशाली माहेश्वरी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। निष्का की इस सफलता में हरियाणा शूटिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच और पूर्व सेना अधिकारी कैप्टन राज कुमार यादव का विशेष मार्गदर्शन रहा है।
निष्का की मां ने बताया कि कोच राज कुमार यादव ने निष्का को निशानेबाजी की बारीकियों को सिखाने के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास का पाठ भी पढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप यह शानदार प्रदर्शन संभव हो सका।
निष्का की इस उपलब्धि पर उनके स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों ने अपार खुशी जताई है।

### विधायक जगमोहन आनंद ने कैंप कार्यालय पर सुनी जनता की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को सैक्टर-13 स्थित कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को एक-एक करके सुना व मौके पर ही समस्याओं का समाधान करवाया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ. सबका विकास . सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## राजस्थान का हथियार तस्कर पांच देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पलवल ने राजस्थान के जिला डीग के एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल खान के पास से पांच देसी कट्टे, छह जिंदा कारतूस और दो खाली खोल बरामद किए गए हैं।
पकड़े गए आरोपी से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है। डीएसपी क्राइम मनोज वर्मा ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि एवीटी स्टाफ प्रभारी उमर मोहम्मद की टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली। टीम के सदस्य साबिर



हुसैन को बताया गया कि राहुल खान हथियार लेकर बाइक पर आया है। वह कोट गांव से पुन्हाना रोड पर नाले से पहले भट्टे की तरफ कच्चे रास्ते के पास किसी का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। आरोपी बाइक छोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पीठू बैग की तलाशी में अवैध हथियार मिले। आरोपी कोई लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। पुलिस ने बरामद हथियार और बाइक को अपने कब्जे में लिया। बहीन थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।
पूछताछ में पता चला कि आरोपी हरियाणा, राजस्थान और मेवात क्षेत्र में हथियारों की सप्लाई करता था। पुलिस अब उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।
आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा अवैध हथियार कामा (राजस्थान) से लाए गए है, जिन्हें आरोपी डिमांड पर मेवात, हरियाणा व राजस्थान में सप्लाई करता है, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।** पलवल जिले के ग्राम पाथली खुर्द में स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में रविवार से शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आज दूसरा दिन भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूज्य भागवत किंकर व्यास वासुदेव श्री कृष्ण जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कथा में समस्त ग्रामवासियों ने आयोजक की भूमिका निभाई है। आज के दिन कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया।
दूसरे दिन की कथा में व्यास वासुदेव श्री कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत पुराण के प्रारंभिक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेम, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा की सीख देता है। कथा के दौरान भगवान के जन्मोत्सव की कथा सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। भजनों और कीर्तन की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति के रंग में डूबे नजर आए।
कथा के बीच-बीच में महाराज ने जीवन के मूल्यों और धर्म के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जिसने श्रोताओं को गहरे तक



प्रभावित किया।
कथा स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से सजावट की गई थी, जो भक्ति के माहौल को और भी मनोरम बना रही थी। आयोजकों ने भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी की थी, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक कर दिया।
आयोजन समिति के सदस्य रमेश शर्मा ने बताया कि इस कथा का उद्देश्य ग्रामवासियों को एकजुट करना और उन्हें धार्मिक मूल्यों से जोड़ना है।
महिलाओं और बच्चों ने भी इस कथा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की झांकियों को देखकर खूब आनंद लिया, वहीं महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर भक्ति का रंग बिखेरा। एक बुजुर्ग श्रद्धालु, श्यामलाल, ने कहा, "ऐसी कथा सुनकर मन को शांति मिलती है और जीवन को एक नई दिशा मिलती है।" कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।
यह कथा जून तक चलेगी और हर दिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी। आयोजकों ने सभी भक्तों से इस कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।
पंचमुखी मंदिर में चल रही इस श्रीमद्भागवत कथा ने पूरे गांव को भक्ति की लहर में डुबो दिया है और यह आयोजन ग्राम वासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने होली चिल्ड्रन स्कूल में 10वीं-12वीं के 89 स्टूडेंट को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल,(संतोष गर्ग)।** होली चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेरिट होल्डर स्टूडेंट के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 89 छात्रों को पुरस्कृत किया गया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई।

**स्टूडेंट की मेहनत, टीचरों की लगन का परिणाम**

स्कूल के चेयरमैन रवि दत्त शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत



रहा। उन्होंने इसका श्रेय स्टूडेंट की मेहनत, टीचरों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सेवानिवृत प्राचार्य केपी सिंह ने वरिष्ठ अतिथि के रूप में स्टूडेंट को प्रोत्साहित किया।

**प्रधानाचार्य ने किया धन्यवाद**

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। स्कूल के प्रेसिडेंट सौरभ शर्मा ने बताया कि मेधावी स्टूडेंट को उनकी उत्कृष्ट अकादमिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### बिछोर में आज होगा डीसी मीना का रात्रि ठहराव

**नूंह मेवात (लियाकत अली )/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज 28 मई को खंड पुन्हाना के गांव बिछोर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन गांव बिछोर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा, जिसमें जिला प्रशासन के सभी विभाग उपस्थित रहेंगे और लोगों की समस्याएं सुन उनका त्वरित व उचित समाधान सुनिश्चित करेंगे।

नगराधीश आशीष कुमार ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी उपस्थित रहेंगे, जो सभी विभागों से संबंधित शिकायतों व समस्याओं के समाधान के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। इस रात्रि ठहराव का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिले, इसके लिए पंचायत विभाग द्वारा गांव में मुनादी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव में शिकायतों का पंजीकरण उपायुक्त कार्यालय की शिकायत शाखा द्वारा किया जाएगा। संबंधित शिकायतों को समाधान पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। गांव से प्राप्त होने वाले मांग-पत्रों का पंजीकरण जिला परिषद कार्यालय द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रात्रि ठहराव वाले दिन सुबह से ही मेडिकल कैंप, रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयुर्वेदिक कैंप भी आयोजित किया जाएं व ग्रामीणों को जरूरी उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा अपने उपकरण इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई जाए व खेती-बाड़ी इत्यादि से संबंधित कीटनाशक दवाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की जाए। पशुपालन विभाग द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुबह से ही पशु मैडिकल कैंप आयोजित किए जाएं। लीड बैंक मैनेजर नूंह द्वारा डीआरआई लोन, कृषि, मकान, स्वरोजगार ऋण व जनरल बैंकिग व फाइनेंशियल इंकलूजन सुनिश्चित करने के लिए उस क्षेत्र की संबंधित ब्रांच से तालमेल अपना कैंप लगाएं। बागवानी व वन विभाग पौधारोपण व बागवानी को प्रोत्साहन करने के लिए कैंप लगाएं। शिक्षा विभाग द्वारा रात्रि ठहराव के दौरान दिन में बच्चों के खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाएं। पुलिस विभाग व रैडक्रास सोसायटी नूंह तथा सिविल सर्जन नूंह द्वारा गांव में नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरुकता के लिए कार्य करेंगे। उपायुक्त द्वारा गांव में स्थित आगनंवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा तथा सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की जाएगी। समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी प्रकार की पेंशन स्कीमों का प्रचार किया जाएगा।

### गांव बसई मेव से अरावली पहाड़ तक बने 33-33 फुट के दो रास्तों को किया रद्द उपायुक्त

**नूंह मेवात (लियाकत अली )/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि गांव बसई मेव, तहसील फिरोजपुर-झिरका से अरावली पहाड़ तक खेतों के बीच से 3-3 किलोमीटर लंबाई में बनाए गए 33-33 फुट के दोनों रास्तों को रद्द कर खत्म कर दिया गया है। इसकी जगह गांव की फिरनी के साथ 4 करम का रास्ता बनाया गया है, जिससे किसानों के उद्देश्यों की पूर्ति होना संभव होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में बनाए गए दोनों रास्ते कानून के प्रावधानों के तहत उचित नहीं थे। इन रास्तों के रद्द होने से बसई मेव में राजस्थान की सीमा से अवैध खनन की संभावित गतिविधियां भी बंद होंगी। जिला राजस्व अधिकारी एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी नूंह जोगेंद्र शर्मा द्वारा बसई मेव गांव में 33-33 फुट के रास्तों को रद्द करने संबंधी पारित किए गए तथा इन आदेशों की अनुपालना के लिए सहायक चकबंदी अधिकारी नूंह को निर्देश दिए गए थे कि आवश्यक कार्यवाही करते हुए इन रास्तों को खत्म किया जाए, जिसकी अनुपालना कर दी गई है।

### टाटा एआईए ने वित्त वर्ष 25 के लिए 1,842 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया

**हिसार।** भारत की सबसे भरोसेमंद जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपनी सहभागी योजनाओं में रु 1,842 करोड़ के रिकॉर्ड बोनस भुगतान की घोषणा की है। 8.15 लाख से अधिक पॉलिसियों को इसका लाभ मिलेगा। इस वर्ष का भुगतान पिछले वर्ष के रु 1,465 करोड़ के बोनस से 26% अधिक है, यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक बोनस है। अन्य सहभागी योजनाओं के अलावा, डायमंड सेविंग्स प्लान, स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान, वैल्यू इनकम प्लान और शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान जैसी प्रमुख सहभागी योजनाओं के लिए बोनस घोषित किया गया है। टाटा एआईए के एक्जिक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और अपॉइंटेड एक्चुअरी श्री क्षितिज शर्मा ने कहा, हम अपने सहभागी पॉलिसीधारकों के लिए एक और साल में असाधारण बोनस भुगतान की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। टाटा एआईए की रिकॉर्ड-तोड़ बोनस घोषणा हमारे पॉलिसीधारक के विश्वास का सम्मान करने और उन्हें लगातार बेहतर रिटर्न के साथ पुरस्कृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अपने ग्राहकों को फि कर-मुक्त जीवन जीने, अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्रियजनों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित करने में मदद करने के लिए हम समर्पित हैं। सहभागी बीमा योजनाओं को "पार" योजनाएं भी कहा जाता है, यह वो जीवन बीमा पॉलिसियां हैं जो बोनस या लाभांश के रूप में पॉलिसीधारकों के साथ लाभ साझा करती हैं। ये बोनस गारंटीड नहीं होते हैं, लेकिन आम तौर पर इन्हें सालाना घोषित किया जाता है, जो बीमाकर्ता के सहभागी (या लाभ के साथ) फंड के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

# गर्मी में हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियात: नेहा सिंह

## गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार )**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।
उपायुक्त नेहा सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से



बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढंक कर रखें, कपड़ेहैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें।
उन्होंने कहा कि पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें,
उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

## खान कालोनी का नाम बदलकर स्वतंत्र नगर रखने का प्रस्ताव पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** नगर निगम की सम्पन्न हुई हाउस बैठक में बहालगढ़ रोड स्थित खान कालोनी का नाम बदलकर स्वतंत्र नगर रखने तथा इसी तरह मदीना मस्जिद पटेल नगर कॉलोनी का नाम शांति विहार रखने का प्रस्ताव पारित किया गया है। जल्द ही निगम इनके बोर्ड लगा कर कालोनी की नई नाम से पहचान दिलवाएगा। 25 अप्रैल को आयोजित बैठक में कालोनी वासियों की मांग पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। खान कॉलोनी का नाम बदलने के पीछे इतिहास यह है कि पहले सेक्टर 12 के साथ लगते हुए इन इलाकों में रेत की खान हुआ करती थी इसलिए जब यहां रिहाइश शुरू हुई तो नाम ही खान कॉलोनी प्रचलन में आ गया।
इसी तरह पटेल नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद का निर्माण किया गया तो कॉलोनी पूरी तरह बसने के बाद कुछ लोगों ने कालोनी का नाम पटेल नगर से



दोनों कॉलोनियों का नामकरण नए नाम पर करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी इसलिए स्थानीय नागरिकों की मांग को पूरा किया गया है।
**राजीव जैन महापौर**

बदलकर मदीना मस्जिद कर दिया। स्थानीय लोगों को इस नाम पर एतराज था और उन्होंने एक ज्ञापन पार्षद और आयुक्त को सौंपकर कॉलोनी का नाम मदीना मस्जिद से शांति विहार रखने की मांग की थी। नगर निगम की हाउस बैठक में एजेंडा रखा गया तो सभी पार्षदों ने हाथ खड़े करके समर्थन किया।

## अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं फर्जी डीलर

**पुन्हाना /मनीष आहूजा**
जिले के पुन्हाना नगरपालिका के जमालगढ़ रोड में अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं । पुन्हाना नगरपालिका पटाकपुर रोड 5 एकड़ में कृषि भूमि योग्य सरकार की बिना अनुमति के बन रही अवैध कालोनियों बनाई जा रही हैं।जिले में सरकार की बिना अनुमति के बन रही अवैध कालोनियों को लेकर जिला योजनाकार विभाग सख्त हो गया है। आप को बता दे की पुन्हाना मे पिछले दिनों डीटीपी विभाग ने 16 एकड़ में बन रही पुन्हाना नगरपालिका के गांव पटाकपुर मे तीन अवैध कॉलोनियों व पैमा रोड पर में पीला पंजा, ढहाए अवैध निर्माण डीटीपी विभाग द्वारा शहर सहित आस पास के गांवों मे विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाया।

## सेना के जवान नेहपाल ने कंचनजंगा गंग पर तिरंगा फहराकर किया नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
नूंह जिले के उजीना गांव में जन्में सेना में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत नेहपाल सिंह उजीना ने हर शिखर तिरंगा मिशन में सफलता प्राप्त कर विश्व की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा गंग 8586ट (28156 फुट) पर भारतीय तिरंगा फहराकर अपना व गांव, जिले के साथ - साथ राज्य का नाम रोशन किया है। गांव उजीना के अलावा नूंह जिले के तमाम लोगों को अपने इस लाडले पर नाज है। देश की 28 राज्यों की 49 ऊंची पहाड़ की चोटियों को नापकर वहां पर तिरंगा फहरा दिया। उनकी इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ कर्नल रणवीर सिंह जमवाल का है, जिनकी बदौलत यह है बड़ा मुकाम



हासिल हुआ। सेना में भर्ती होने के बाद से ही उजीना गांव के हवलदार नेहपाल सिंह वर्ष 2011 से ही देश के अलग - अलग राज्यों की ऊंची पहाड़ियों पर तिरंगा फहराने के मिशन में जुटे हुए हैं। अब उनका अगला मिशन माउंट एवरेस्ट फतेह करने का है। हरियाणा सरकार और सेना के आला अधिकारियों ने सहयोग दिया तो वह इस मुकाम को भी हासिल कर लेंगे।
पत्रकारों से बातचीत के दौरान हवलदार नेहपाल सिंह ने कहा कि 16 अक्टूबर 2022 से 2 अक्टूबर 2023 तक लगभग 1 साल में उन्होंने व उनकी टीम ने अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, असम, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल राज्यों के ऊंचे माउंटेन पॉइंट पर तिरंगा फहराने का काम किया है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के द्वारा "हर शिखर तिरंगा मिशन" की शुरूआत की गई थी। इस मिशन में मेवात के लाडले ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कर्नल रणवीर सिंह जमवाल से बेहतरीन प्रशिक्षण मिला जिसकी वजह से यह मुकाम हासिल हुआ। हवलदार नेहपाल सिंह ने कहा कि उनके साथ तकरीबन 30 सदस्य थे, जो समय - समय पर कई ग्रुप में बदलते रहते थे। उन्होंने कहा कि इस सफलता को पाने के लिए जान को पूरी तरह से जोखिम में डालना पड़ा। एक ऊंची पहाड़ी पर चढ़ते समय वह गिर गए थे और कुछ सेकंड में उनके साथियों ने उन्हें बचा लिया। वर्ना आज वह जिंदा नहीं होते। कुल मिलाकर हरियाणा के नूंह जिले के उजीना गांव में गरीब परिवार में जन्मे सेना में नायब सूबेदार के पद पर कार्यरत नेहपाल सिंह ने ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिसे हरियाणा का आज तक कोई भी व्यक्ति हासिल नहीं कर पाया।

## नूंह जिला में अवैध पटाखे की बिक्री पर प्रतिबंध

**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
नूंह जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पटाखों का उत्पादन, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित है। हरियाणा सरकार के पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग जारी आदेशों के आदेशों के तहत पटाखों की ऑनलाइन माध्यम से भी बिक्री व खरीद नहीं की जा सकती। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने बताया कि पटाखों पर प्रतिबंध, जब्ती और निपटान, जागरूकता और शिकायत निवारण तंत्र के प्रवर्तन के लिए जिला और ब्लॉक स्तर की कमेटी का गठन किया गया है।
सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जिला नूंह के लिए जिला स्तर पर एनफोर्समेंट कमेटी का गठन किया गया है तथा प्रक्रिया निर्धारित की गई है।
उपायुक्त, नूंह जिला स्तरीय एनफोर्समेंट कमेटी के अध्यक्ष होंगे तथा क्षेत्रीय अधिकारी, एचएसपीसीबी, नूंह क्षेत्र के संयोजक होंगे तथा सदस्यों में पुलिस अधीक्षक नूंह होंगे जो कि एनआईएच (कानून प्रवर्तन, जब्ती और निपटान कार्रवाई)। संबंधी कार्य करेंगे।

## पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 6 पदक जीते

**डेयरी/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल, कामी रोड के खिलाड़ियों ने प्रथम धर्मप्रकाश मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 मेडल मेडल अपने स्कूल का नाम रोशन किया। प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल खरखौदा में 24-25 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा के बालक वर्ग में 32 बालक वर्ग के छात्र निखिल ने 48 बालक वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि पांचवीं कक्षा के छात्र तस्कित ने 28 बालक वर्ग में रजत पदक



प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में 18 किलो, स्मृति ने 28 किलो और जानवी ने 30 किलो भार वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल पहुंच में सभी खिलाड़ियों के फूलमालाओं से नामांकन का स्वागत किया गया। पूर्ण मूर्ति मूर्तिकला के पुतले डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, स्कूल की वकीला हिमानी दहिया, उत्तर प्रदेश के वरुण और अन्य स्टाफ सदस्यों ने इन मूर्तियों की यादगार सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
चतुर्थ डॉ. विजयपाल नैन ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेल भी बहुत जरूरी है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बड़े पैमाने पर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पदक विजेता खिलाड़ी बेहद मददगार हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस खिलाड़ी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल कर हरियाणा, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने इन खिलाड़ियों की शानदार सफलता के लिए दो कोच रजनी शर्मा व एनीमेशन को भी बधाई दी। पियानो हिमानी दहिया ने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए न केवल पढ़ाई पर ध्यान दें, बल्कि खेल और सांस्कृतिक संरचना में भी भाग लें। इससे छात्रों का व्यवसाय बढ़ता है और उनमें रचनात्मकता भी विकसित होती है।

## नूंह डीसी की कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यमंत्री के साथ बाढ़ बचाव संबंधी समीक्षात्मक बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
नूंह उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बाढ़ बचाव संबंधी समीक्षात्मक बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लेने उपरांत जिला के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित विभाग जरूरी बचाव प्रबंध व तैयारियां समन्वित व प्रभावी ढंग से करना सुनिश्चित करें। सभी विभाग फील्ड स्तर के



कार्यों का भौतिक निरीक्षण व समीक्षा करें। इस दौरान जो भी कमियां पाई जाती हैं, उन्हें समय रहते दूर करें, ताकि बाढ़ जैसी स्थिति बनने पर राहत व बचाव कार्यों को तत्परता से पूरा कर जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम संवेदनशील क्षेत्रों का अद्यतन करें एवं उन स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की तैनाती सुनिश्चित करें। सिंचाई विभाग खेतों में जमा होने वाले पानी की स्थिति का जायजा लेकर जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## गुड स्कूल इंडिकेटर्स पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
ब्रेकथ्रू ने जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से पानीपत के स्काईलार्क होटल में एक व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसका ध्यान स्कूलों में गुड स्कूल इंडिकेटर्स ढांचे के प्रभावी कार्यान्वयन पर केंद्रित था। जिले भर के 12 स्कूलों के कुल 16 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसे अत्यधिक संवादात्मक और सहभागी बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। सत्र में समावेशी, न्यायसंगत और सहायक शिक्षण वातावरण बनाने के महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित किया गया।

## एक बार फिर से उठने लगी जाट आरक्षण की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद: (संजय कुमार) :** जींद से एक बार फिर से जाट आरक्षण की मांग उठने लगी है. जिन में आज अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जींद के हैबतपुर गाँव में एक बैठक का आयोजन किया.
जिस बैठक में खाप प्रतिनिधियों, सरपंचों और अखिल भारतीय जाट आरक्षण सागर समिति के सदस्यों ने भाग लिया। प्रताप भैया ने बताया कि देश के आठ राज्यों को जाट आरक्षण प्राप्त है जबकि जींद में व केंद्र में अभी भी जाटों को आरक्षण नहीं मिला हुआ है. प्रताप सिंह दहिया ने कहा कि



इकलौता राजस्थान ऐसा राज्य है जिसको केंद्र में राज्य में जाट आरक्षण प्राप्त है.
14 राज्यों को आरक्षण दिया जाए जिनमें जाट समुदाय के लोग हैं. उन सभी को ओबीसी में आरक्षण दिया जाए.
संगठन को दोबारा से मजबूत किया जाएगा. फिर से हल्का स्तर, जिला स्तर, प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा.
प्रदेश अध्यक्ष गंगा राम श्योराण ने कहा की आरक्षण हमारा अधिकार है. जिस तरह से अन्य समक्ष जातियों को आरक्षण मिला हुआ है इस तरह से जाट समुदाय को भी आरक्षण दिया जाना चाहिए.
सर्वजाती कँडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि आज बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा की गयी।
सबसे अहम मुद्दा आरक्षण को लेकर है. आरक्षण हमारा अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे.सरपंच दीपक गांव रूपगढ ने कहा कि पंचायतें भी जाट आरक्षण में शामिल होंगी।

## नूंह में राजकीय स्कूलों के कक्षा 10वीं व 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
मेवात विकास अभिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देशानुसार एमडीए व शिक्षा विभाग की ओर से आज मंगलवार को राजकीय मेडिकल कालेज नूंह के सभागार में पढ़ेगा मेवात-बढ़ेगा मेवात की थीम पर मेधावी विद्यार्थी व स्कूल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में जिले के राजकीय स्कूलों के कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में टॉपर 50-50 विद्यार्थियों तथा बेहतर परीक्षा परिणाम के तहत 12वीं कक्षा में



75 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट लाने वाले 24 व कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट लाने वाले 31 राजकीय स्कूलों को सम्मानित किया गया।
अतिरिक्त उपायुक्त ने इन सभी विद्यार्थियों व स्कूल इंचार्ज को शील्ड व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।
अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि जिला प्रशासन नूंह इस समय शिक्षा, स्वास्थ्य व खेलों पर अधिक फोकस कर रहा है। जिला नूंह में शिक्षा सुधार के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। आगामी वर्ष में सरकारी स्कूलों में पढ? वाले जो गरीब विद्यार्थी नीट, जेई व अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, उन्हें एमडीए की ओर से जरूरी सहयोग उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला नूंह का बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम अच्छा नहीं था, तो इसके अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन कहीं न कहीं अध्यापकों व विद्यार्थियों में भी संकल्प शक्ति का अभाव रहा है। यानी इस परीक्षा परिणाम से सीख लेनी है कि जो भी स्टाफ व सुविधाएं उपलब्ध हैं, उन्हीं सुविधाओं में बेहतर की ओर बढ?ा है। आगामी वर्षों में और मेहनत के साथ अध्यापकों को अपने परीक्षा परिणाम बेहतर करना होगा। अब सभी स्कूल अध्यापकों का विषय व कक्षा वाइज रिजल्ट का डाटा बेस तैयार किया जाएगा, जिसके तहत उनकी रैकिंग भी तैयार होगी। इस रैकिंग के आधार पर वे अध्यापक हाईलाइट होंगे, जिनमे परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं होंगे। इसलिए सभी अध्यापक अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए अधिक मेहनत के साथ बच्चों की पढ़ाई पर फोकस करें और अगले वर्ष के परीक्षा परिणाम में प्रदेश के अन्य जिलों से बेहतर प्रदर्शन करें।
उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने स्कूलों में शिक्षा सुधार हेतु वाट्सअप नंबर-9050317480 जारी किया है, जिसके तहत उन अध्यापकों की शिकायत की जा सकेगी, जो स्कूलों में लेट आ रहे हैं या स्कूलों में बच्चों को पढ़ा नहीं रहे हैं। इस नंबर पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी शिक्षक के खिलाफ जरूरी कार्यवाही की जाएगी।

## जल संरक्षण और जल गुणवत्ता पर सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
पानीपत के पाइट स्कूल एन.एफ.एल में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जल संरक्षण और जल गुणवत्ता पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में स्कूल के विद्यार्थियों को जल संरक्षण और जल गुणवत्ता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य रेखा बजाज ने विभागीय कर्मचारियों का विधिवत रूप से स्वागत किया और सेमिनार के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।



मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कुमार दहिया ने विद्यार्थियों को जल गुणवत्ता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया कि जल गुणवत्ता को बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है। जिला सलाहकार डॉ. सतविंदर सिंह टाया ने भी विद्यार्थियों को जल का महत्व बताया और जल संरक्षण के तरीकों पर चर्चा की।
बीआरसी रोशन लाल ने बच्चों को जल संरक्षण के साथ-साथ जल के इतिहास को भी सांझा किया।

## न्यूज फ्लैश

### रा. मा. विद्यालय गोगपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, ग्रामीणों ने भी लिया हिस्सा



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोगपुर कुरुक्षेत्र के प्रांगण में सांझी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों, ग्राम पंचायत सदस्यों, पूर्व विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों व अभिभावकों ने भाग लिया। सांझी सभा के माध्यम से श्रीमती कविता रानी को राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोगपुर कुरुक्षेत्र का प्रधान व श्रीमती रुक्मणी देवी को उपप्रधान चुना गया। इस अवसर पर अन्य एसएमसी सदस्यों का चुनाव भी किया गया। सांझी सभा में मुख्याध्यापक सुरेन्द्र प्रजापति, सरपंच रोहित कुमार, पंच श्रीमती पूनम रानी, शिक्षाविद श्रीमती मंजीत रानी, सविता रानी, रीना देवी पंच, सुषमा, उर्मिला देवी, परमजीत कौर, पालो देवी, जसबीर चंद, बालकृष्ण सिंह, महेन्द्र कुमार, राजीव धवन, कश्मीर सिंह, विकास कुमार, नरेश कुमार और विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रतिनिधिमंडल ने की समस्या निराकरण को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात



एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/पेहवा:** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ पेहवा ब्लॉक का प्रतिनिधि मंडल खंड प्रधान राजेंद्र जांगड़ा व जिला उपप्रधान रमेश रंगा की अगुवाई में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार से मिला, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को पेहवा ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पद ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। सभा में विभिन्न समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श हुआ और खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। बीईओ ने स्कूलों में प्रवेश बढ़ाने और बच्चों को घर जैसा सौहार्दपूर्ण वातावरण देने का सुझाव दिया। खंड प्रधान पेहवा राजेंद्र जांगड़ा ने बताया कि सभी शिक्षक मेहनती हैं। इस मौके पर जिला उप प्रधान रमेश रंगा, रंजीत सिंह, जिला सह सचिव सुरेश कुमार, मोहनलाल, विजयपाल, नरेंद्र कुमार, विक्रम वड़ैच, कपिल कश्यप, रजनी कौशिक, पिंकी, पूनम सैन आदि ने हिस्सा लिया।

# सोशल मीडिया और नशे से बचें, शिक्षा और खेलों का उच्च लक्ष्य बनाएं- डीजीपी

### हरियाणा में 22 पुलिस डीएवी स्कूलों में पढ़ रहे हैं 24 हजार बच्चे, उनमें आठ हजार बच्चे पुलिस परिवारों से

**शिक्षा केंद्र**

- हरियाणा पुलिस स्कूलों से ओलंपिक मैडल की तैयारी, शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने की प्रेरणा



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अंबाला स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के फाउंडेशन डे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा, खेल और नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। अपने भावनात्मक और प्रेरक संबोधन में शत्रुजीत कपूर ने कहा कि डीएवी संस्था और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयासों से हरियाणा में 22 पुलिस डीएवी स्कूल आज उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र बन चुके हैं, जिनमें करीब 24 हजार विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इनमें से आठ हजार पुलिस परिवारों और 16 हजार आमजन के परिवार से हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन और खेलों को भी बराबर प्राथमिकता दी जा रही है। डीजीपी ने कहा कि शीघ्र ही ह्वाबी-लेवल वेलफेयर मीटिंग्ह के अंतर्गत मिशन-2036 खेल योजना तैयार की जाएगी जिसका उद्देश्य यह होगा कि स्कूलों से निकले बच्चे ओलंपिक स्तर पर देश का नाम रोशन करें। डीजीपी हरियाणा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नशे और सोशल मीडिया की आदतों से बचाएं और उन्हें शिक्षा, खेल और कला में लक्ष्य केंद्रित करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अपना ध्यान पढ़ाई, खेल और किसी रचनात्मक कौशल में केंद्रित रखते हैं, वही जीवन में कामयाब होते हैं। कार्यक्रम के दौरान डीजीपी हरियाणा ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और खेलों इंडिया में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल में 265 केडब्ल्यू ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास भी किया गया, जो हरियाणा पुलिस की पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। पूर्व डीजीपी श्री बीएस संधु ने कहा कि वर्ष 1995 में जब यह विचार आया था, तब सिर्फ एक सपना था लेकिन आज यह स्कूल 170 शिक्षकों और चार हजार विद्यार्थियों के साथ एक फलता-फूलता शिक्षण संस्थान बन गया है। अपने संबोधन में पंकज नैन ने कहा कि स्कूल का शैक्षणिक प्रदर्शन उत्कृष्ट है और इसमें पुलिस परिवारों के साथ-साथ आम नागरिकों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटकों के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों और बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशा मुक्त जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी हरियाणा बीएस संधु, आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन, एसपी अंबाला अजीत सिंह शेखावत और डीएवी संस्था के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान सलामी और गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

### वार्ड नंबर 15 में बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



टीम एक्शन इंडिया
नरेश शर्मा

**सम्मान**

- इसकी शुरूआत नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई।

**गोहाना :** वार्ड नंबर 15 में बहुप्रतीक्षित कंक्रीट सीमेंट सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया गया। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरूआत नगर परिषद गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई। यह कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व का एक और प्रमाण है, जिसके तहत क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को गति मिल रही है। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा, जिसकी कुल लागत लगभग 9 लाख रुपये निर्धारित की गई है। सड़क के निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर पाइपलाइन दबाई जाएगी, जिससे बरसात या निकासी के समय जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद अंजू विनोद राजोरा, पार्षद जतिश कपूर, मुकेश देवगन, नन्हा राम, नरेंद्र, राम सिंह सैनी, निपुण सहरावत, राजेश (सोनू), मुकेश पुरुथी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

### केयू में पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को दी गई श्रद्धांजलि

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की समाधि के अवसर पर केयू परिसर में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति की स्थापना कर उन्हें श्रद्धा निजता की उपाधि दी। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स दिनेश कुमार, डी. एस. राणा, प्रो. रमेश भारद्वाज, प्रो. निजले ढांडा, प्रो. रीता, जसबीर ढांडा, जी.पी. युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, कुसुमलता, लोक संपर्क विभाग के निदेशक महासिंह पूनियां, परमेश कुमार, डॉ. सोमवीर जाखड़, कोटा प्रधान दीपक राय बब्बर, डॉ. शिवराति खटकड़, डॉ. पुस्तकालयाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. संजय कॅब, डॉ. अपार्टमेन्ट आर्य और राजपाल मौजूद रहे।

## शहजादपुर में किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर जताया भयंकर रोष

**बिजली समस्या**

- किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी न हुई तो फिर से प्रदर्शन करेंगे और बिजली दफ्तर को ताला भी लगा देंगे।



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** शहजादपुर सब डिविजन कार्यालय में किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों का कहना है कि बिजली निगम के जेई, एसडीओ हमारी कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। किसान नेता मलकीत सिंह ने बताया कि दो महीने पहले गांव के साथ लगते खेतों में जाने वाली बिजली की सप्लाई के लिए लगाया गया खंभा टूट गया था। जिसके कारण खेतों में जाने वाले सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई थी। वहीं इस संबंध में किसानों की तरफ से कई बार बिजली अधिकारियों को संपर्क किया गया और शिकायत भी सौंपी गई लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया कि इस लाइन से खेतों में 50-60 ट्यूबवेलों को बिजली सप्लाई की जाती है लेकिन खंभा गिरने के कारण दो महीने से बिजली आपूर्ति बाधित थी। जिसके बाद जिला प्रधान मलकीत सिंह, युवा जिला प्रधान गुलाब सिंह, आईटी सेल प्रधान सुखविंदर सिंह, ब्लॉक प्रधान बलजीत सिंह सहित भेड़ों व बिचपड़ी के किसानों ने बिजली निगम के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को कोसा। किसानों ने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि दो दिन के अंदर खंभे को लगवाया जाएगा और बिजली आपूर्ति पहले की तरह चालू करवा दी जाएगी। वहीं किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी न हुई तो वह दोबारा प्रदर्शन करेंगे और बिजली दफ्तर को ताला भी लगा देंगे। किसानों ने बताया कि पिछले दो महीने से सैकड़ों एकड़ भूमि में बिजली आपूर्ति न होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में सूरजमुखी, गन्ने, चरी आदि की फसलें सूखने की कगार पर आ गई हैं। इन दिनों खेतों में मक्का की बिजाई की हुई है। यहां के किसान मुख्यतः ट्यूबवेल के पानी से ही सिंचाई करते हैं लेकिन बिजली न होने कारण फसल सूखने की कगार पर आ गई है।

## खेत में घास काटने गई महिला की करंट लगने से दर्दनाक मौत

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**हादसा**

- मृतका के गुस्साए परिजनों ने की खेत के मालिक के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही करने की मांग

**अम्बाला:** हरियाणा के अंबाला के गांव कलहेड़ी में खेतों में घास काटने गई महिला की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जहां से महिला घास काट रही थी वहीं, खेतों में तार लगी थी जिसमें बिजली का करंट था। इसी दौरान महिला का हाथ उस उससे लग गया और उसकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि महिला के अचानक हाथ करंट वाले तार से लगने से उसे करंट लगा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर परिजनों के साथ गांव वाले भी पहुंच गए। वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंची है और शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में रखवाया है। घटना के बाद घुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों की मांग थी कि इस मामले में खेत मालिक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया जाए। लोगों का कहना है कि खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कैंट के नागरिक हस्पताल पहुंचाया और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक के बेटे ने कहा कि उसकी मां रोजाना घास काटने जाया करती थी। जिसके बाद वह घर आकर हमें खाना खिलाती थी। यह बोल बेटा रो पड़ा। दरअसल, मां की मौत की खबर सुनते ही वह बेहोश हो गया।

## जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र :** अंतरराष्ट्रीय जाट सभा (जाट धर्मशाला) कुरुक्षेत्र की ओर से जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में डॉ लाल पैथ लैब बिरला मंदिर के द्वारा एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बाहर से आए हुए 72 यात्रियों और शहरवासियों के खून की जांच, शुगर और ब्लड ग्रुप की निःशुल्क जांच की गई। धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने बताया कि जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संगठन और जाट एम्पलाइज एसोसिएशन के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय जाट सभा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा और जागरूकता संबंधी कैंप का आयोजन करती रहती है। हेल्थ चेकअप कैंप में लैब टेक्नीशियन गौरव, मैनेजर गीतेश शर्मा, लैब टेक्नीशियन अंकित ने मरीजों के खून के सैंपल लिए। जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र जाट धर्मशाला द्वारा मरीजों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

### शराब ठेके पर हुई फायरिंग से दहशत

**यमुनानगर:** शहर के गोबिंदपुरी रोड पर नकाबपोश युवकों ने शराब ठेके के बाहर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर दहशत फैला दी है। फायरिंग के तुरंत बाद बदमाश मौके पर एक धमकी भरी पर्ची फेंक कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी, शहरी थाना प्रभारी, अपराध शाखा की टीमें और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस ने पर्ची को कब्जे में लेकर उसके सत्यापन और संदिग्ध नामों की पड़ताल शुरू कर दी है। यमुनानगर के गोबिंदपुरी रोड पर स्थित क्षेत्र में मंगलवार सुबह लोगों की नींद गोलियों की आवाज से खुली। यहां स्थित शराब ठेके पर एक अज्ञात नकाबपोश के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग की गई थी।

## ई-रिक्शा चालकों ने लगाया पैसा वसूली का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**हफ्ता वसूली**

- खुद को स्टैंड का प्रधान बताकर वसूलता है पैसा, पैसा नहीं देने पर रिक्शा नहीं चलाने की देता है धमकी

**अम्बाला:** अंबाला शहर बलदेव नगर में ई रिक्शा चलाने वालों ने एक व्यक्ति पर उनसे रुपए मांगने के आरोप लगाए है। ई रिक्शा चालक संदीप रावत, तरसेम सैनी, यश मल्होत्रा, सोनू, संदीप, मनदीप, अमन, अनुज, सुशील, सोहन ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। ऐसे में एक व्यक्ति आकर रोजाना सांय उनसे उक्त स्थान पर ई रिक्शा चलाने के नाम पर 20 रुपए प्रति रिक्शा की मांग करता है। उन्होंने कहा कि वह व्यक्ति खुद को स्टैंड का प्रधान बताता है और धमकाता है कि यदि तुम हमें पैसे नहीं दोगे तो तुम्हें यहां पर रिक्शा नहीं चलाने देंगे और न ही यहां से सवारियां भरते देंगे। ई रिक्शा चालकों ने बताया कि वह काफी समय से ई रिक्शा चला रहे हैं लेकिन तीन महीने से उनके साथ हफ्ताखोरी की जा रही है। वहीं ई रिक्शा चालकों ने यह भी कहा कि उक्त व्यक्ति अपने जानकारों को कुछ नहीं कहते, लेकिन हमसे रुपए वसूलने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर सभी ई रिक्शा चालक जल्द ही पुलिस प्रशासन से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे। वहीं ई रिक्शा चालकों ने कहा कि वह बहुत गरीब हैं और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

## स्केटिंग व ताइक्वांडो में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल का रहा दबदबा

टीम एक्शन इंडिया



**जीते पदक**

- जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में वंश मलिक ने जीते स्वर्ण, ताइक्वांडो में स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 5 पदक

**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप व पहली धर्मप्रकाश मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में नौवीं कक्षा के छात्र वंश मलिक ने स्वर्ण व सातवीं कक्षा के छात्र विनीत ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं प्रताप स्पोर्ट्स स्कूल खरखोदा में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्कूल के खिलाड़ियों ने 5 पदक जीतकर अपना जलवा दिखाया। स्कूल में वापस लौटने पर पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। धर्मप्रकाश मेमोरियल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लड़कियों के विभिन्न भार वर्गों में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा समीक्षा ने रजत पदक, पांचवीं की छात्रा वनिषा व अवनि ने कांस्य पदक और आठवीं की छात्रा कादंबरी ने कांस्य पदक हासिल किया। जबकि लड़कों के वर्ग में पांचवीं कक्षा के छात्र भव्य ने भी कांस्य पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि विद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं के साथ कड़ी मेहनत करते हुए ये खिलाड़ी मेडल जीतने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल के स्केटिंग कोच विनोद, ताइक्वांडो कोच रजनी शर्मा व खेल इंचार्ज संजीत को भी बधाई दी, जिनके देखरेख में अभ्यास कर इन खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा जितनी जरूरी है उतनी ही जरूरी बच्चों के लिए खेलकूद है। इससे बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास होता है। बच्चों के विचारों में निखार आता है। खेल को आज के बच्चे करियर के रूप में भी अपनाने लगे हैं। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा की स्केटिंग व ताइक्वांडो में इन खिलाड़ियों की सफलता से स्कूल में खुशी की लहर है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, संगीता, रेखा जैन, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, पीटीआई राखी आदि सभी स्टाफ सदस्यों ने भी पदक विजेताओं का हौसला बढ़ाया।

## बरसात में जलभराव रोकने को 15 जून तक ड्रेनों की सफाई करने के आदेश

टीम एक्शन इंडिया



**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए 15 जून तक जिला की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य पूरा किया जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्रेनों की सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वह स्वयं भी सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे। यदि किसी प्रकार की खामियां पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाढ़ नियंत्रण कार्यों की समीक्षा को लेकर सभी जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में वीसी के उपरांत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि ड्रेनों की सफाई से संबंधित सभी कार्यों की तत्परता से जांच की जाए और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्य की निगरानी हेतु संबंधित एसडीएम की भी ड्यूटी लगाई जा रही है।

# बाल भवन स्कूल के विद्यार्थियों ने याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक कंपनी का किया शैक्षिक भ्रमण

**मांग**

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर के कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया। याकुल्ट एक प्रोबायोटिक एनर्जी ड्रिंक है जो हमारी पाचन शक्ति को बढ़ाता है। भ्रमण उनके लिए बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक रहा। कंपनी में पहुँचते ही बच्चों का स्वागत किया गया और उन्हें विशेष सुरक्षा निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्हें उत्पादन यूनिट में ले जाया गया, जहाँ उन्होंने देखा कि हेल्दी ड्रिंक्स कैसे तैयार की जाती है और किन चीजों का प्रयोग किया जाता है। बनाने के दौरान सफाई बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर के कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा राई( सोनीपत) में स्थित याकुल्ट हेल्थी ड्रिंक की कंपनी का शैक्षिक भ्रमण किया। याकुल्ट एक प्रोबायोटिक एनर्जी ड्रिंक है जो हमारी पाचन शक्ति को बढ़ाता है।यह भ्रमण उनके लिए बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक रहा। कंपनी में पहुँचते ही बच्चों का स्वागत किया गया और उन्हें विशेष सुरक्षा निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्हें उत्पादन यूनिट में ले जाया गया, जहाँ उन्होंने देखा कि हेल्दी ड्रिंक्स कैसे तैयार की जाती हैं, कौन-कौन से प्राकृतिक तत्व उपयोग में लाए जाते हैं, और सफाई व गुणवत्ता की किस प्रकार से देखभाल की जाती है। बच्चों ने मशीनों की कार्यप्रणाली, पैकेजिंग की प्रक्रिया और लेबेलिंग जैसी बातों को भी बहुत ध्यान से देखा। अंत में, बच्चों को हेल्दी ड्रिंक के नमूने चखने को भी दिए गए और उनसे संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी कंपनी के कर्मचारियों ने सरल भाषा में दिया। भ्रमण ने बच्चों में स्वच्छता, पोषण और विज्ञान के प्रति रुचि को और अधिक बढ़ाया। बच्चों ने मशीनों की कार्यप्रणाली, पैकेजिंग की प्रक्रिया और लेबेलिंग जैसी बातों को भी बहुत ध्यान से देखा। बच्चों को हेल्दी ड्रिंक के नमूने चखने को भी दिए गए और उनसे संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी कंपनी के कर्मचारियों ने सरल भाषा में दिया।

# शिष्टमंडल ने कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता के साथ की बैठक : विनोद शर्मा



**सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का यूनियन शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता जी के साथ उनके कार्यालय कर्मचारियों की मांगों के समाधान को पूरा करने को लेकर बैठक की। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज संस्था शिष्टमंडल द्वारा अधीक्षक अभियंता के साथ संस्था शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे के समाधान को लेकर बैठक की संगठन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने को लेकर अधीक्षक अभियंता कार्यालय को मौखिक और लिखित में अनेकों बार मांग पत्र सौंपा हुआ है परंतु कर्मचारियों की बहुत सी मांगे अभी तक पेंडिंग हैं जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है जिसके लिए संगठन द्वारा अधीकक्ष अभियंता को कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान करने को कहा गया अन्यथा कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपके कार्यालय की होगी। बैठक में ब्रांच कार्यकारिणी से जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा ब्रांच सचिव सुरेंद्र सिंह कार्यालय सचिव अमित कुमार ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार के मामले दूसरा आरोपित भी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गन्नौर की क्राइम यूनिट पुलिस टीम ने अवैध हथियार मामले में संलिप्त दूसरे आरोपित रिंकू निवासी मंडोरी, हाल राजीव कालोनी, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 11 मई को जीटी रोड पर शीशमहल होटल के पास से सर्विस रोड पर एक युवक श्वेत अवैध हथियार सहित पकड़ा गया था। उसके पास से एक देसी पिस्तौल व एक गोली बरामद हुई थी। श्वेत के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसे हथियार रिंकू ने उपलब्ध कराया था। इसी आधार पर पुलिस ने रिंकू को भी काबू कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिंकू पर पहले भी थाना राई, बड़ी, समालखा व सदर सोनीपत में अवैध शस्त्र, जानलेवा हमला व घर में घुसकर हमला करने जैसे पांच केस दर्ज हैं।

### बली कुतुबपुर में बंद मकान से लाखों की चोरी

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
बली कुतुबपुर गांव में पूर्व सरपंच के भाई के बंद पड़े मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व सरपंच ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में ईश्वर ने बताया कि उनके भाई रामफल 28 अप्रैल से न्यूजीलैंड गए हुए हैं और उनका मकान बंद था। 25 मई को उन्होंने अपने भाई के मकान गए तो पाया कि मेन गेट का कुंडी टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और संदूक के ताले भी टूटे हुए मिले। रामफल ने फोन पर बताया कि अलमारी व संदूक में लगभग 5 लाख रुपये नकद, 8 तोले सोने के आभूषण और चांदी के पायल, सिक्के रखे हुए थे। जांच करने सभी गायब मिले। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेल अभ्यास पर फोकस करके आगे बढ़ने का रखें लक्ष्य: अमित दहिया



**राई।** खेल विश्वविद्यालय, राई में आयोजित समर कैंप का मुख्य अतिथि अमित दहिया, डिप्टी डायरेक्टर (खेल विभाग, हरियाणा सरकार), खेल रत्न अवार्डी ने कुलपति अशोक कुमार के सहयोग से उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अमित दहिया, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल और पढ़ाई को साथ लेकर चलना आवश्यक है। कैंप में अनुशासन बनाए रखें और अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करें। खेलने की जिद्द और अनुशासन ही आपको हर क्षेत्र में सफलता दिलाएगा।ग उन्होंने अभ्यास को अत्यंत आवश्यक बताया और कहा कि कैंप की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि यह समर कैंप ग्राउंड लेवल से स्कूल के बच्चों को खेलों के प्रति तैयार करेगा। इस कैंप में प्रशिक्षण वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित होगा, जिसमें खिलाड़ियों को न केवल शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि मानसिक तैयारी और खेल विज्ञान के विभिन्न विषयों की जानकारी भी दी जाएगी। समर कैंप 21 जून तक चलेगा, जिसमें एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, हॉकी, क्रिकेट, मुक्केबाज़ी, टेनिस और तैराकी की ट्रैनिग दील जाएगी। स्कूल प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. मौसमी घोषाल, संजय सारस्वत, निदेशक (खेल),विश्वविद्यालय के कुलसचिव जसविंदर सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. राधिका मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और मंच संचालन डॉ. गोपाल ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं स्कूल का स्टाफ एवं छात्रगण उपस्थित थे।

# नई पेयजल आपूर्ति लाईन दबाने का काम बना जी का जंजाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जनस्वास्थय विभाग द्वारा शहर में अमृत टू मिशन के तहत दबाई जा रही पेयजल आपूर्ति लाईन शहरवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत और ठेकेदार की मनमानी के चलते लोग पेयजल को तरस रहे है। गर्मी में पेयजल समस्या से परेशान होकर मंगलवार को नगरपालिका के वार्ड 10 की महिलाओं ने जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में पहुंचकर विभाग की कार्यप्रणाली के प्रति रोष व्यक्त किया। वार्डवासी सुनीता, संतोष, बिमला, नरेश, सतबीर, विकास, महेन्द्र ने बताया कि जनस्वास्थय विभाग द्वारा एक सप्ताह पहले उनकी गली में ईदगाह रोड के पास चौपाल के पास अृमत टू के तहत पेयजल आपूर्ति लाईन के लिए नई पेयजल आपूर्ति लाईन बिछाई गई थी। उसके दबाने के बाद नई पेयजल आपूर्ति लाईन में लोगों के पानी के कनेक शन किए बिना पुरानी पेयजल आपूर्ति लाईन की सप्लाई को भी बंद कर दिया। गर्मी के मौसम में अब लोग पेयजल को तरस रहे है। गर्मी में पेयजल समस्या से परेशान जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में पहुंचे लोगों ने विधायक देवेन्द्र कादियान व एसडीएम से गर्मी में पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की। नई लाईन दबानी बंद करवाकार पहले पुरानी ठीक करवाएं प्रशासन : शहरवासी

-- शहरवासियों ने बताया कि अृमत टू के तहत दबाई जा रही पेयजल आपूर्ति लाईन को जल्दी ही दबाकर अपना काम पूरा करने का विभाग के अधिकारियों से मिलभगत करके ठेकेदार ने टारगेट बना लिया है। उन्हें परेशान जनता से कोई सरोकार नही है। वे जल्दबाजी में नई लाईन दबाए जा रहे है और उसके पीछे न तो उखाड़ी गई गलियों को ठीक कर रहे है और न ही लोगों की पेयजल समस्या को दूर कर रहे है। इसलिए प्रशासन को पाईप दबाने की तेज रफ्तार पर रोक लगाते हुए पहले उखाड़ी गई गली को ठीक कराना चाहिए

# सेवानिवृत फौजी के मकान से चोरों ने जेवरात व नकदी की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। गांव रिवासा में एक सेवानिवृत फौजी के मकान में रात के समय चोर घुस गए। चोर सोने-चांदी के जेवरात सहित हजारों का कैश ले गए। खिड़की की ग्रिल तोड़कर चोर अंदर घुसे। पीड़ित ने पुलिस थाने में शिकायत देकर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।गांव रिवासा निवासी सत्यवीर ने पुलिस को दी में उसने बताया कि वह फौज से रिटायर्ड है। 25 मई को वह अपने मकान को अच्छी तरह से खिड़की, दरवाजे बंद करके अपनी पत्नी के साथ आंगन में सो गए थे। उसकी पुत्रवधू संगीता अपने बच्चों को लेकर चौबारे में जाकर सो गई थी। जब वह सुबह करीब पांच बजे उठकर आई। तब उसने देखा उसके कमरे का सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने इस बारे में हमें बताया। जब हम कमरे में रखे लोहे के संदूकों और अलमारी को देखा तब हमें पता चला कि उसमें रखी हुई सोने-चांदी के सामान की डब्बी निकालकर उसमें से जेवरात चोरी किए हुए थे। कमरे की खिड़की की ग्रिल पाड़कर साइड में रखी हुई थी।

# फैक्टरी ड्राइवर दो लाख का माल लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में एक फैक्ट्री ड्राइवर पर 2 लाख का माल चोरी करने के आरोप लगे है। फैक्ट्री प्रबंधन को चोरी की प्लानिंग की भनक पहले ही लग चुकी थी, जिसके चलते फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड्स अलर्ट थे। बावजूद इसके ड्राइवर जबरन गेट खुलवाकर माल सहित फरार हो गया। फैक्ट्री के मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
शामगढ़ स्थित मॉडर्न डेयरीज के एचआर एवं प्रशासन विभाग के मैनेजर केके सिंह की थाने में दी गई शिकायत के अनुसार घटना 25 मई की रात 11.21 बजे की है। एक गाड़ी नियमित रूप से मदर डेयरी का पैक्ड दूध, दही आदि दिल्ली पहुंचाने का काम करती है। लेकिन 25 मई की रात न तो गेट पास बना और न ही गाड़ी की चेकिंग हुई। ड्राइवर नियमों की अनदेखी करते हुए गाड़ी को लेकर सीधे फैक्ट्री से फरार हो गया। आरोपी संदीप और उसके साथियों ने करीब 2 लाख रुपए मूल्य का अतिरिक्त माल चोरी कर लिया। उन्होंने यह भी बताया कि यही ड्राइवर पहले भी चोरी करते हुए पकड़ा जा चुका है, इसलिए उसे लेकर पहले से ही शक था।

# भोगीपूर-राजलू गढ़ी सड़क निर्माण अधर में, ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। गांव** भोगीपूर से राजलू गढ़ी तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी ने सड़क पर पत्थर डालने के बाद तारकोल और बजरी का कार्य नहीं किया, जिससे सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय निवासी सुरेंद्र, सतबीर और विकास ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हुए एक महीना हो चुका है, लेकिन ठेकेदार ने केवल गांव के पास टाइलें बिछाई हैं। दोनों गांवों के बीच की सड़क पर केवल पत्थर डालकर कार्य छोड़ दिया गया है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के पहिए फिसल जाते हैं और कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासन से मांग की है कि वे जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरी सड़क के कारण न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि धूल और गंदगी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं।

# बुनियाद केंद्र पर छात्रों के लिए कक्षाओं का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गन्नौर में बुनियाद केंद्र पर 9वीं के छात्रों के लिए कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य विनोद ने छात्रों को बुनियादी कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे बताया। उन्होंने बताया कि बुनायादी कार्यक्रम शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का मौका देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्डिनेटर रितिक, रणबीर, खुशी, रुद्र वंश, रिहाना आदि छात्र उपस्थित रहे।

# गांव दतौली की राजस्व भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण ध्वस्त : डीटीपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह के निर्देशन में मंगलवार को शहर में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निमार्णों को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया गया। गांव दतौली की राजस्व सीमा में दतौली-घसौली रोड़ पर नगर योजनाकार विभाग की टीम एटीपी मंदीप व जेई सुमित लोहान के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ जेसीबी को लेकर पहुंची और लगभग 1.5 एकड़ भूमि पर विकसित किया जा रहा अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए 10 डीपीसी व 187 मीटर कच्चा रोड को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्लाटों की नींव भरने वाले प्लाट धारकों में हड़कंप मच गया। वे अपने प्लाटों की नींव को गिराने से बचाने की गुहार लगाते नजर आए। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। डीटीपी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अवैध निर्माण,कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत जिला नगर योजनाकार विभाग को दे ताकि कार्रवाई की जाए।

# 18 साल की युवती संदिग्ध हालातों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहर के सेक्टर 7 से एक युवती संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। युवती ब्यूटी पार्लर में काम करती थी और घर से काम के लिए निकली थी, लेकिन वापिस घर नहीं लौटी। ब्यूटी पार्लर की संचालिका से बातचीत की गई तो उसने परिजनों को बताया कि वह पांच बजे निकल गई थी। परिजनों ने अपने स्तर पर युवती की तलाश की, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।लापता युवती की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 18 वर्षीय बेटी 26 मई को दोपहर 3 बजे सेक्टर 14 स्थित एक ब्यूटी पार्लर में काम के लिए गई थी। परिवार के अनुसार उसे शाम 5 बजे तक घर लौट आना था, लेकिन देर शाम तक जब वह वापस नहीं आई तो घरवालों ने पार्लर में जाकर पूछताछ की। पार्लर संचालिका ने बताया कि युवती शाम 5 बजे के बाद अपनी सहेली के साथ वहां से निकल गई थी।
युवती की मां ने पुलिस को बताया कि बेटी की सहेली अपने घर पर ही मिली, लेकिन हमारी बेटी का कोई अता.पता नहीं चल पाया। परिजनों ने कई जगह तलाश की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसकी मां ने थाना सैक्टर 32-33 में शिकायत दर्ज करवाई

# 22वें शनिदेव जन्मोत्सव पर जागरण व भंडारे का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर में दो दिवसीय शनिदेव जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को मौहल्ला कानोड़िया स्थित शनिदेव मंदिर में सुबह हवन यज्ञ व रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन हुआ। मंगलवार को शनिदेव की भव्य शोभायात्रा व 251 कलश यात्रा गाजे-बाजे से शहर के मुख्य बाजारों से निकाली गई, जो मौहल्ला कानोडिया स्थित शनिदेव मंदिर से चलकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। प्रचंड गर्मी को देखते हुए सब्जी मंडी रोड पर शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आम आदमी पार्टी से डॉ. मनीष यादव मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नवीन राव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी का जागरण में पहुंचने पर मंदिर कमेटी ने जोरदार स्वागत किया। सुरेंद्र बंटी ने शनिदेव की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि शनिदेव सभी के कष्टों को हरने वाले देवता है। शनिदेव ही एक ऐसे देव है जो सभी का बराबर न्याय करते है। सुरेंद्र बंटी को मंदिर कमेटी ने शनिदेव के मंदिर का पुनः जीणोर्धार करने के लिए बोला गया तो उन्होंने तुरंत ही घोषणा कर दी कि इस मंदिर का एक महीने में काम शुरू करवा दिया जाएगा। जागरण में स्थानीय कलाकार सतीश श्रवण ने गणेश वंदना मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, भोले बाबा की आंखों के तारे...। गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। राम नाम जपते है मस्ती में रहते है, देव है सबसे निराला इसे कहते है बजरंग बाला गाकर हनुमान जी महाराज का गुणगान किया। हे सूर्य पुत्र हे शनिदेव हम आए द्वार तिहारे, पूर्ण करो काज हमारे गाकर शनिदेव का गुणगान किया। शनिदेव सा निराला कोई नहीं है, सबका न्याय करने वाला कोई ओर नहीं हैं। शनि को सात सवारी, सातों को महिमा भारी, करनी का फल देने को आते है शनि बलहारी गाकर शनि की महिमा का गुणगान किया। महेंद्रगढ़ से आए गायक संजू सैनी ने तेरे दरबार में सर झुकाता रहूं, तू बुलाता रहे और मैं आता रहूं... गाकर हनुमानजी को याद कर उनका गुणगान किया। ताली बाजण दे, ओ ताली बाजण दे, जम के ताली बाजण दे, मैं जम के नाचूं, आज मन्ने तू नाचण दे, बाजण दे, बाजण दे, बाजण दे गाकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। रेवाड़ी से आए कलाकार सचिन गंगाहेड़ी द्वारा गाए भजन "कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, मेरी राम जी से कह देना जय सियाराम" शिंगणापुर जाऊंगी सखी, शनिदेव की महिमा गाउंगी सखी।
कलाकार पंकज यदुवंशी ने दुनिया में देव हजारों है, बजरंग बली का क्या कहना, दिल में शनि के नाम की ज्योति जलाकर देख, आयेंगे शनिदेव जी दिल से बुलाकर देख। शनिदेव की शोभायात्रा के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन हुआ

# एडीसी ने एंजैडेवार बिंदुओं पर की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय स्थित एनआईसी कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने एंजैडेवार बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक कि अध्यक्षता करते हुए एक्सीडैंट परोन एरिया/ब्लैक स्पॉट, स्कूल वाहन पॉलिसी, रोड सेफ्टी ऑडिट, सडकों के पैच वर्क के साथ-साथ पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे उसकी समीक्षा की।
अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बधित विभाग व एंजैसियों को निर्देश दिए कि जहां पर भी सडक से सम्बन्धित पैच वर्क किया जाना है उस कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएं और जो भी नियमों की अवेहलना करता है उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई अमल में लाएं। विशेषकर उन्होंने बिना हैलमेट के वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का इस्तेमाल करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने मनाई रजत जयंती, चार समर्पित बहनों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा द्वारा रजत जयंती सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर चार समर्पित बहनों–ब्रह्माकुमारी गीता दीदी (केंद्र प्रभारी, वैकुंठ धाम, पाना उद्यान, नरेला), ब्रह्माकुमारी बाला दीदी (उप सेवा केंद्र प्रभारी, वरदानी भवन, अटेरना गांव), ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन (उप सेवा केंद्र प्रभारी, शिव शम्भू भवन, नाहरी गांव), और ब्रह्माकुमारी गीता दीदी (केंद्र प्रभारी, दिल्ली तिलक नगर) के ईश्वरीय मार्ग में 25 वर्षों की समर्पित सेवा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजौरी गार्डन स्थित ब्रह्माकुमारीज सब-जोन की निर्देशिका





राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी और बहादुरगढ़ ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंजलि दीदी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। दोनों ने चारों समर्पित बहनों को फूलों का हार पहनाकर और सौगात देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी को सेवा की विधि और त्यागी-तपस्वी जीवन जीने की प्रेरणा दी, जिसने उपस्थित लोगों के मन को गहरे तक छू लिया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य और नाटिकाओं के माध्यम से आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया। इन प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मानित बहनों ने अपने त्यागी-तपस्वी जीवन के अनुभव साझा किए और उपस्थित लोगों को ज्ञान और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनकी बातों ने सभी के मन में आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया। रजत जयंती के उपलक्ष्य में सभी उपस्थित लोगों को ईश्वरीय सौगात भेंट की गई।

इसके बाद सभी ने ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया, जो इस आयोजन का एक विशेष आकर्षण रहा। यह समारोह न केवल चार बहनों के समर्पण का उत्सव था, बल्कि नरेला के समुदाय में एकता, सेवा, और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरणादायक अवसर भी साबित हुआ। आयोजन में नरेला की कई सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। नरेला विकास संगठन के अध्यक्ष हेमराज बंसल, महासचिव एन.डी. अरोड़ा, वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की अध्यक्ष कमलेश तुषीर और उनकी टीम, हमारी मेहनत फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गौतम और उनकी टीम, नरेला हिंदू महासभा के महामंत्री राजेंद्र सिंहल, डॉ. कृष्णा केसरी, डॉ. रजनीश भाई, और कई मीडिया कर्मियों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई।



वजीरपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज, पूर्व जोन चेयरमैन सुरेश भारद्वाज व अन्य।

## सावरकर के नाम से संबंधित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर का अपमान रोकने और राष्ट्रीय प्रतीक अधिनियम में उनके नाम को संरक्षित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता के किसी भी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं होता है। 25 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर को लेकर राहुल गांधी के बयान पर फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को बोलने की इजाजत नहीं दे सकते हैं।

# प्रधानमंत्री का खेलो इंडिया अभियान बना खिलाड़ियों के लिए वरदान: रविन्द्र इन्द्राज

**शिवानी मोरवाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने मंगलवार को तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिल्ली गेम्स 2025 के समापन समारोह का बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के साथ शुभारंभ किया। समाज कल्याण मंत्री ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में खेलों के बजट में



तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस बजट का एक बड़ा हिस्सा खेल अवसंरचना के विकास और आधुनिक सुविधाओं के निर्माण में निवेश किया गया है। 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत देशभर में 1,000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह योजना जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उनके लिए वरदान बन गई है। खेलो इंडिया से पारंपरिक खेलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। भारत ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में 7 पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अब भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए प्रयासरत है।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की दिल्ली गेम्स 2025 ने राजधानी में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# भाजपा राज में दिल्ली में हो रहा है विकास: त्रिपाठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के राज में देश में विकास ही विकास हो रहा है, आज देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उक्त बातें उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने कही। श्री त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की गति तेज हुई है दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता बड़ा ही बेहतरीन कार्य कर रही है, जिससे दिल्ली का विकास हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास ही



विकास करके दिखाया है, देश में नई योजनाएं लागू होने से देश की प्रगति हो रही है और देश में रहने वाला ग्रामीण व्यक्ति भी आज काफी ज्यादा खुश है और भाजपा के कार्यों को सराह रहा है।

# नव सृष्टि संस्था ने 'चाइल्ड राइट्स एंड यू' के सहयोग से मिसिंग चिल्ड्रेन पर आयोजित की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नव सृष्टि संस्था ने चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) के सहयोग से नेब सराय में मिसिंग चिल्ड्रेन पर इंटरफेस मीटिंग आयोजित की। मीटिंग में अभिभावकों से अपील की गई कि वह खुद जागरूक रहे और किशोर व बालिकाओं को सजग रहने की जरूरत है। किसी के झाँसे में न आए, खुद को गुमशुदा व अगवा होने से बचाएँ। मीटिंग में शामिल नेब सराय थाने के सब इंस्पेक्टर खेमराज और हेड कॉन्स्टेबल सूबे सिंह ने बच्चों के अधिकार व सुरक्षा से संबंधित टिप्स की जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि बच्चों को गुमशुदा होने से कैसे बचाए। सोशल मीडिया एक्टिविटी पर नजर रखे। बच्चों को अपना दोस्त बनाए, उनके साथ बातचीत दोस्ताना की तरह करें व बच्चों को अपना मोबाइल नंबर याद कराए और सभी बच्चों का आधार कार्ड भी होना चाहिए और उन्हें घर का पता भी याद होना चाहिए।

## हम सभी को पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के महामंत्री रोशन सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण हम सब की जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे अवश्य ही लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि आक्सीजन की समस्या से प्रायः व्यक्ति को जूझना पड़ता है। इसका



एक मात्र स्थाई उपाय पौधारोपण करना है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा करने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण से पर्यावरण साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ यह हमारे लिए कई प्रकार से लाभकारी सिद्ध होता है।

# पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धाजंलि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पं. जवाहरलाल नेहरु की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित जी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शांति वन पहुंच कर पंडित जी को पुष्पाजंलि अर्पित की। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, एडमिनिस्ट्रेशन



इंचार्ज जतिन शर्मा, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ राव, धर्मपाल चंदेला, जावेद मिश्रा, इन्द्रजीत सिंह, राजेश चौहान, जावेद मिर्जा, हर्ष चौधरी और सतबीर शर्मा, सेवादल मुख्य संगठक सुनील कुमार, एस.सी. विभाग के चेयरमैन संजय नीरज, महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह, नरेश शर्मा, नीटू, योगेश जैन, मंगेश त्यागी, कमल अरोड़ा, जय प्रकाश, अक्षय कुमार, विनित यादव, राहुल धानक और राहुल डबला ने पंड़ित जवाहरलाल नेहरु की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित नेहरू ने आजादी के तुरंत बाद भांखड़ा बांध, वैज्ञानिक अनुसंधान इसरो, बोकारो और भिलाई जैसे आधुनिक कारखाने लगाकर देश को औद्योगीकरण की राह दिखाई थी।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि जवाहरलाल नेहरु ने आजादी मिलने पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालते हुए भारत को सुदृढ़ और मजबूत बनाने के लिए दर्जनों शैक्षिण, वैज्ञानिक, औद्योगिक, तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक संस्थानों की नींव रखी थी।



जहांगीरपुरी वार्ड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं क्षेत्र का दौरा करते हुए आप नेता सुरेश शर्मा।

# चांदनी चौक जिला भाजपा का अध्यक्ष बनने पर अरविंद गर्ग को भाजपाइयों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में 204 मंडलों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब दिल्ली भाजपा ने दिल्ली के 14 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी है, जिसके बाद भाजपाइयों और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन सभी जिलाध्यक्षों को बधाई देते हुए आर्शिवाद भी दिया। इसी कड़ी में चांदनी चौक जिला से भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद गर्ग को पुनः जिला की कमान सौंपी है, जिसके बाद से उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी ने अरविंद गर्ग को बधाई देते







हुए कहा कि अरविंद गर्ग पूर्व में जिला चांदनी चौक से अध्यक्ष रह चुके है और उनकी मेहनत और काम के प्रति सच्ची लगन को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन पर भरोसा जताते हुए पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया है जिसके लिए मैं उनको तहे दिल से बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह पूर्व की भांति चांदनी चौक जिला वासियों के साथ सुख-दुख में हमेशा खडे रहेंगे। तो वहीं मॉडल टाउन से भाजपा नेता व मंडल उपाध्यक्ष शिव चरण योगी ने अरविंद गर्ग को उनके कार्यालय जाकर बधाई दी और कहा कि अरविंद गर्ग सामाजिक व्यक्ति है व अपने सभी साथियों का अच्छे से ख्याल रखते है और क्षेत्र वालों से भी मिलनसार स्वभाव रखते है और वह हमेशा ही लोगों की मदद के लिए तैयार रहते है।

# पीडब्ल्यूडी के नालों की विधायक ने नहीं करवाई सफाई, निगम पार्षद ने उठाया सफाई का बीड़ा

**टीम एक्शन इंड़िया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सबसे पुरानी विधानसभाओं में से एक बुराड़ी विधानसभा के फ्लड के नाले और पीडब्ल्यूडी के गाद से भरे नालों से बुराड़ी की जनता सालों से परेशान है, क्षेत्रीय लोगों की माने तो उन्होंने सालों तक क्षेत्रीय विधायक संजीव झा से शिकायत की, लेकिन विधायक के कानों तले कभी जूं तक नहीं रेंगी। लेकिन अब मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्र में स्थित पीडब्ल्यूडी के नालों की सफाई का बीड़ा खुद उठाया है। निगम पार्षद गुलाब





सिंह राठौर ने बताया कि ईई ब्लॉक जहांगीरपुरी झुग्गियों के पीछे पीडब्ल्यूडी विभाग का बहने वाला नाला जो कि कई वर्षों से साफ नहीं हुआ था उसकी सफाई के लिए क्षेत्रीय जनता ने कई बार क्षेत्रीय विधायक संजीव झा से शिकायत की, लेकिन विधायक के कानों तले कभी जूं तक न रेंगी। इसके साथ ही राठौर ने विधायक को घेरते हुए कहा कि वह काम तभी करेंगे जब उन्होंने कभी काम किया हो, संजीव झा ने बस पोस्टर होर्डिंग और आरोप-प्रत्यारोप की ही राजनीति की है।

# बच्चों के लिए खतरा बना दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** डीटीयू (दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) की शोध रिपोर्ट पहले बता चुकी है कि राजधानी की आबोहवा में व्याप्त सूक्ष्म कण सड़क के नजदीक रहने वाले लोगों की सेहत पर 30 प्रतिशत ज्यादा प्रभाव डालते हैं।

**फेफड़े के अंदरुनी हिस्से तक पहुंच रहे प्रदूषित कण**

इस शोध रिपोर्ट के अगले हिस्से में नई बात यह सामने आई है कि फेफड़े के अंदरुनी हिस्से (एल्वियोलर) में सबसे ज्यादा सूक्ष्म कण के जमा होते हैं। वयस्क-अधेड़ व बुजुर्ग तो छोड़िए, सूक्ष्म कणों से तीन महीने से लेकर तीन साल आयु के बच्चे के फेफड़े भी सुरक्षित नहीं हैं। शोध यह भी बताता है कि सूक्ष्म कणों का 90 प्रतिशत हिस्सा फेफड़े के अंदरुनी भाग एल्वियोलर में ही जमा होते हैं। श्वसन तंत्र के दो हिस्सों (ट्रैकिया और ब्रोंकिओल्स) में केवल 10 प्रतिशत सूक्ष्म कण जमा होते हैं। वैसे तो सूक्ष्म कण सभी मौसम में श्वसन तंत्र तक पहुंच रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा कणों का जमावड़ा सर्दी के मौसम में होता है।
यह शोध 2021-22 में रोहिणी सेक्टर-17 के बवाना रोड पर किया गया था। यह शोध इस साल फरवरी महीने में अर्बन क्लाइमेट , एटमोस्फियरिक एनवायरनमेंट, एटमोस्फियरिक पोल्लुशण रिसर्च, केमोस्फीयर और एयर क्वालिटी एटमास्फेयर जैसे अंतरराष्ट्रीय जर्नल व पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुका है।

**सड़क के पास रहने वालों को ज्यादा खतरा**

डीटीयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार मिश्रा, शोधार्थी कनगराज व भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला अहमदाबाद के सीनियर प्रोफेसर एस. रामचंद्रन ने वायुमंडलीय हवा में सूक्ष्म कणों की उपस्थिति के बारे में शोध किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि श्वसन तंत्र व फेफड़े के अंदरुनी हिस्से में सूक्ष्म कणों के जमाव के कारण अस्थमा, सीओपीडी (क्रोनिक आब्सट्रटिव पल्मोनरी डिजीज), कैंसर की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। सड़क के पास 8 घंटे काम करने वाले व्यक्ति और सड़क के पास 24 घंटे रहने वाले निवासियों के लिए सूक्ष्म कणों का जमाव अलग-अलग होता है। सड़क के पास 8 घंटे काम करने वाले व्यक्तियों के फेफड़ों में सूक्ष्म कणों का जमाव वार्षिक पीएम (पार्टिकुलेटेड मैटर) 2.5 सांद्रता मानकों की तुलना में पांच गुना अधिक होगा। शोधार्थी कनग राज ने बताया कि आठ से लेकर 21 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में सर्दी के मौसम में 24 घंटे में फेफड़े के अंदरुनी हिस्से एल्वियोलर में 0.21-0.40 माइक्रो ग्राम सूक्ष्म कण पाए गए। सरल भाषा में कहें तो इनके फेफड़ों में छह से आठ लाख सूक्ष्म कण जमा पाए गए। तीन माह से लेकर तीन साल के बच्चों की आयु वर्ग की बात करें तो यह 0.05-0.10 माइक्रो ग्राम यानि एक लाख से लेकर दो लाख सूक्ष्य कण बच्चों के फेफड़े के एल्वियोलर हिस्से में पाए गए।


## उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.स. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 328 | 16.06.2025 |
| | प्री–बिड मीटिंग दिनांक 03.06.2025 (11:00 AM) को रूम नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, द्वितीय तल, एनेक्सी–I, स्टोर डिपार्टमेंट, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 में आयोजित की जाएगी। | | | |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82245004/MED/PART-II दिनांकः– 27.05.2025 1557/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह पुत्र** सरदार प्रीतपाल सिंह, **निवासी** ए–103, एसबी यूथ अपार्टमेंट, सेक्टर–2, द्वारका, नई दिल्ली, ने **FIR No. 09/2012, U/S 153/34 IPC, पुलिस स्टेशन तुगलक रोड, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 09/2012, U/S 153/34 IPC, पुलिस स्टेशन तुगलक रोड, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **तेजिंदर पाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0–18, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/6686/NDD/2025
(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राजू उर्फ बालटन पुत्र** प्यारेलाल, **पताः** गाँव पीतमपुरा, मकान नंबर 59, हरीश का मकान, **दिल्ली**, गॉव रगौली थाना मटुआ जिला छतरपुर **मध्य प्रदेश FIR No. 187/17, U/S: 392/394/411/34 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ बालटन**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ बालटन**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ बालटन, FIR No. 187/17, U/S: 392/394/411/34 IPC, पुलिस थानाः रानी बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6367/OD/2025
(Court Matter)



## उत्तर मध्य रेलवे
No.: DYCE-II-GSU-PRYJ-02-2025 दिनांकः 23.05.2025
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता-II/जी.एस.यू./प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं (द्वारा खुली निविदा- एकल पैकेट प्रणाली) **समाप्ति की तिथि/समय, 16.06.2025 15:00 बजे तक**। बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समाप्ति तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नंजरअंदाज कर दिया जाएगा।

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के CNB-TDL अनुभाग में MNR-FZD स्टेशनों के बीच आरसीसी बॉक्स प्रदान करके मौजूदा पुल संख्या 82 किमी 1230/3-5 के चौड़ीकरण का शेष कार्य।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागतः** ₹ 4.26 करोड़ | **निविदा फार्म का मूल्यः** ₹ 0.00 |
| **धरोहर धनराशिः** ₹ 3,63,100/- | **कार्य समापन अवधिः** 05 महीने |
| **खुलने की तिथिः** 16.06.2025 15:00 | |

**पात्रता मानदंड के लिए कार्य की समान प्रकृति की परिभाषाः** आर.सी.सी. पुल/आर.ओ.बी./आर.यू.बी./एल.एच.एस. का निर्माण। इसके अतिरिक्त, निविदाकर्ता को किसी भी पुल का निर्माण (न्यूनतम आकार 2.5 मीटर x 2.5 मीटर) बॉक्स पुशिंग द्वारा तटबंध/एयर पुशिंग विधि/आर.एच. गर्डर तकनीक का उपयोग करके बॉक्स पुशिंग द्वारा उसी या किसी भी मूल्य के किसी अन्य कार्य में पूरा किया होना चाहिए।

**नोटः-** पूर्ण विवरण और निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की https://www.ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

**नोटः-** (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) **https://www.ireps.gov.in** पर निर्धारित तिथि तक **15:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगा। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **908/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर रेलवे
ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य/नई दिल्ली लाइन के अनुभाग में सर्विस बिल्डिंग, स्टेशन भवन नई दिल्ली और अन्य संरचना यानी एमएसआरआर, टीटीआरएच, सीपीडी सिक लाइन शेड, लोको शेड आदि की मरम्मत के लिए 30.06.2026 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक जोन कार्य। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रूपये)** Rs. 98,98,135.70 (रूपये अट्ठानवे लाख अट्ठानवे हजार एक सौ पैंतीस और सत्तर पैसे मात्र) ।) | |
| 3 | **बयाना राशि (रूपये)** Rs. 1,98,000/- (रूपये एक लाख अट्ठानवे हज़ार मात्र) | |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 18.06.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

• ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं:128–W/280/इ–निविदा सूचना/11/2025–26/W–3 दिनांकः 26.05.2025 1555/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/23 दिनांकः 23.05.2025
ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70254362ए | सॉफ्ट ब्लैंकेट | 45,133 नग | 19.06.2025 |
| 2 | 70252680 | डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिथेंटिक | 4500 नग | 12.06.2025 |
| 3 | 38252621 | कप्लर बॉडी विद शैंक वियर प्लेट | 7918 नग | 18.06.2025 |
| 4 | 30252601 | हाई टेन्साइल टाईट लॉक सेंटर बफर कप्लर | 312 नग | 24.06.2025 |
| 5 | 63245775 | मैनुफक्चेरिंग एंड सप्लाय ऑफ एस जी सी आई ईसर्ट टू आर डी एस ओ ड्राविंग न. टी-6901 & टी-381 | 121500 नग | 23.06.2025 |
| 6 | 20251627 | कम्यूटेटर असैंबली कम्पलीट | 17 नग | 23.06.2025 |
| 4 | आरसी12कोर5025 | 12 कोर सिगनलिंग केबल साइज 12 x 1.5 एस क्यू एम एम | 7612 कि.मी. | 23.06.2025 |
| 8 | 38251438 | वाईड जॉ एडप्टर | 20245 नग | 17.06.2025 |
| 9 | 38251627 | एडप्टर [नैरो जॉ] | 42041 नग | 17.06.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **900/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)
निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1435 दिनांक : 26.05.2025

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | प्रोविजन ऑफ डुअल डिटेक्शन फॉर ऑटोमैटिक सेक्शन इन बिटविन SZM-SNP एंड PNP-BBDE सेक्शन। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 2,06,83,803.81/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 2,53,400/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 26.05.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 17.06.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

1558/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मोबाइल चोरी और झपटमारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी जिले के अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और झपटमारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जहांपनाह वन से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी के नौ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विनोद उर्फ सूरज, सोनू उर्फ बच्चा और फतेह खान उर्फ साहिल के रूप में हुई है। आरोपित पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि सोमवार को एक सूचना मिली थी कि तीन शातिर चोर जहांपनाह वन में आने वाले हैं। इस पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आनंद स्वरूप के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने जहांपनाह वन में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम को तीन व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे लोग भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपितों की पहचान देवली गांव निवासी विनोद उर्फ सूरज, आया नगर निवासी सोनू उर्फ अजय उर्फ बच्चा और संगम विहार निवासी फतेह खान उर्फ साहिल के रूप में हुई। इनके पास से चोरी के नौ मोबाइल फोन बरामद हुए।


## उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संन्दर्भः निविदा छपने की तिथिः 14.05.2025
दिनांक 14.05.2025 को विभिन्न अंग्रेजी और हिंदी समाचार पत्रों में प्रकाशित एल एच बी ट्रेनों के R1 डिब्बों के पार्सल स्थान को पट्टे पर दिए जाने के लिए ई–नीलामी की सूचना, जिसे आगामी दिनांक 29.05.2025 से 11.06.2025 के दौरान (IREPS पोर्टल पर) आयोजन के लिए निर्धारित किया गया था उसे इस शुद्धिपत्र के माध्यम से (प्रशासनिक कारणों के आधार पर) वापिस लिया जाता है। 1580/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाकिब खान उर्फ विक्की पुत्र ऐजाज, निवासी मकान नंबर ई–43, गली नंबर 3, रोहताश नगर, शाहदरा, दिल्ली** और स्थायी पताः **ग्राम आसनसोल, पीओ एवं पीएस ब्लूनपुर, जिला आसनसोल, बड़ी मस्जिद के पास** ने **FIR No. 254/20 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाकिब खान उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाकिब खान उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 254/20 U/S 392/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना सनलाईट कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाकिब खान उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2025 को सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री अदिति राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 508
साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली
DP/6568/SE/2025(Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी जावेद उर्फ गब्बर, पुत्र** वाहिद, **पताः** मकान नं. ई–2890, जे जे कॉलोनी, बवाना, **दिल्ली FIR No. 252/19, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जावेद उर्फ गब्बर, FIR No. 252/19, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट रूम नं. 114 प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6527/ON/2025
(Court Matter)



## उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है:

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 02255028 | वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी | 75 सेट | 18.06.25 |
| 77259027 RGC | गलुड जॉइंट फॉर 60 किलो ग्राम रेल | 5000 नग | 19.06.25 |
| 19250539 | सेट ऑफ डंपर फॉर डब्लू ए जी 9 एच | 25 सेट | 23.06.25 |
| 19250602 | एक्सल बॉक्स बेअरिंग फॉर डब्लू ए पी-7 डब्लू एजी-9 लोको | 321 सेट | 14.07.25 |
| 09253025 | इनेमल सिंथेटिक एक्सटेरियर फिनिशिंग | 55878 ली. | 21.07.25 |
| 09252405 | बोल्स्टर स्प्रिंग इनर फॉर बी एल सी वेगन | 6725 नग | 28.07.25 |
| 02250080 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर फॉर रूफ माउंटेड | 314 नग | 18.08.25 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी wwww.ireps.gov.in पर देखी सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 18/2025-2026 दिनांकः 27.05.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1565/2025


## दिल्ली पुलिस ने लद्दाख से दो ठगों को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर साइबर अपराधियों को लद्दाख स्थित सारचू इलाके से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 800 किलोमीटर से अधिक की रियल-टाइम पीछा करते हुए की गई, जिसमें झारखंड से लेकर हिमाचल और लद्दाख तक का सफर शामिल है। इस ऑपरेशन में एक नई और चौंकाने वाली ठगी का खुलासा हुआ है। इसमें मजदूरों के बैंक खाते साइबर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। यह कार्रवाई एक महिला की शिकायत के बाद शुरू हुई। जिसके बैंक खाते से 69,953 की अवैध निकासी हुई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और वित्तीय लेन-देन की कड़ियों को जोड़ते हुए यह पाया कि उक्त राशि झारखंड के दुमका और गोड्डा जिलों के ग्रामीण मजदूरों के खातों में स्थानांतरित की गई थी। पुलिस की टीमों की जमीनी स्तर पर की गई जांच में पाया गया कि ये खाते मजदूरों से उनके ठेकेदारों ने खुलवाए गए थे और एटीएम व पासबुक अपराधियों के पास रहते थे। डीसीपी के अनुसार दो मजदूरों रामजीत और बद्री राय की गिरफ्तारी से यह साफ हुआ।

# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041



## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २



## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।



## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## सूचना

**जो कि फौजदार आधार 8242 5722 4286 पुत्र श्री बरखू निवासी मकान न0-333 आरा तह० जौनपुर सदर जिला जौनपुर का स्थाई निवासी हूँ और अपने हल्फन से निम्न ब्यान करता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम छोटे लाल पुत्र बरखु भारद्वाज लिखा है जो गलत है और मेरा सही नाम फौजदार पुत्र बरखू है जो मेरे वोटर कार्ड नंबर AGS1023522 में दर्ज है, सही है भविष्य में फौजदार पुत्र बरखू नाम से जाना जाए ।**



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।



## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

फास्ट न्यूज

## 'दिल्ली पुलिस आयुक्त नाराज हैं': वर्दी में नहीं बना सकेंगे रील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पुलिस की वर्दी में नाचने-गाने की रील से पुलिस आयुक्त बेहद नाराज हैं। उन्होंने सख्त लहजे में चेताया है कि अगर किसी ने आगे से ऐसा किया तो उनके खिलाफ सख्त विभागीय व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मातहतों को उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के बीच अंतर करें और समझें कि दिल्ली पुलिस एक अनुशासित फोर्स है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने हाल ही में एक मेमोरंडम (ज्ञापन) निकाला है। इसमें दिल्ली पुलिस के लिए सोशल मीडिया नीति और पुलिस कर्मियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के बाद भी बहुत से पुलिस कर्मी वर्दी पहनकर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर रील/वीडियो डाल रहे हैं। इससे साबित होता है कि जारी निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। आयुक्त ने ऐसे पुलिसकर्मियों को चिह्नित भी कर लिया है। संजय अरोड़ा की ओर से जारी सूची में सोशल मीडिया पर रील डालने वाले पुलिसकर्मियों में मध्य जिले के 10, पूर्वी जिले के 9, उत्तरी जिले के 9, उत्तर-पश्चिमी जिले के 7, बाहरी-उत्तरी जिले के 2, रोहिणी के 2, शाहदरा के पांच और उत्तरी जिले के 5 पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## हरीश रावत को राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए: भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान को कांग्रेस पार्टी के अंदर उनकी दबाव की राजनीति करार दिया है। प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने कहा कि उन्हें तो उम्र बढ़ने और विश्वसनीयता शून्य होने के चलते राजनीति से ही संन्यास ले लेना चाहिए। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने हरदा के इस्तीफे को कांग्रेस में अंदरूनी राजनैतिक दबाव बनाने की कोशिश बताया। कहा, दअरसल वे इस्तीफे की घोषणा से अपनी पार्टी में सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं, ताकि उनकी पार्टी के लोग उन पर ऐलान वापिस लेने का दबाव बनाएं, जबकि सच्चाई तो यह है कि उनकी राजनैतिक विश्वसनीयता और छवि आम जनता में बहुत पहले समाप्त हो गई है। यही वजह है कि लाख मर्तबा मुद्दों को लेकर पाला बदलने से लेकर माफी मांगकर मुकरने तक की उनकी आदत के लोग अभ्यस्त हो गए हैं। जनअदालत ने एक बार नहीं बार बार चुनावों में बुरी तरह नकारा है। वे शायद एकमात्र मुख्यमंत्री होंगे, जिन्हें पद पर रहते एक साथ दो-दो सीटों पर चुनाव लड़े और हारे।

# समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है सरकार: योगी

□ सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए सीएम योगी आदित्यनाथ, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद □ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 1200 जोड़े बंधे विवाह के पवित्र बंधन में, प्रदेश में बढ़ी धनराशि एक लाख रुपये प्रति जोड़ा खर्च वाला यह पहला आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हरेक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सीएम योगी मंगलवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी सरकार ने सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा खर्च 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया



है और बढ़ी हुई धनराशि के साथ आज यह पहला आयोजन था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की अगली कड़ी है। यह बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक रूढ़ियों पर भी प्रहार है।

**भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने को अंतिम पायदान के व्यक्ति का मजबूत होना जरूरी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के बारे में सोचना होगा। हमें उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसी परिवर्तन के उद्देश्य से सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान योजना आदि अन्य कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सामूहिक विवाह योजना भी इसी प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि बेटी को बचाना है तो उसे पढ़ाना होगा, उसको सशक्त बनाना होगा।

### अब बिटिया के खाते में जाएंगे एक लाख रुपये

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति की कन्याओं के लिए केवल 20 हजार रुपये दिये जाते थे। यह धनराशि भेदभाव के साथ दी जाती थी, सभी को नहीं प्राप्त होती थी। 20 हजार की धनराशि भी पर्याप्त नहीं थी। यह धनराशि समय पर भी नहीं मिलती थी।

### जमीनी विवाद खत्म करने को लागू है पीएम स्वामित्व योजना

**सीएम** योगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी विवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू की गयी है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबों को उनके घर के मालिकाना अधिकार पत्र दिये जा रहे है। यूपी में 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को उनके घर का अधिकार पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कोई कार्य नहीं करती थी। ठेला, रेहड़ी, खोमचा लगाने वाले गरीबों का पहले हर जगह शोषण होता था, किन्तु आज सरकार द्वारा उनको व्यवसाय के लिए लोन दिया जा रहा है।

## भारत में विकसित होगा ई-हनसा, अगली पीढ़ी का इलेक्ट्रिक ट्रेनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत ने अगली पीढ़ी के दो-सीटर इलेक्ट्रिक ट्रेनर विमान ई-हनसा (इलेक्ट्रिक हनसा) के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस विमान का विकास वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की राष्ट्रीय वैमानिकी प्रयोगशाला (एनएएल) बेंगलुरु द्वारा किया जा रहा है। इसकी अनुमानित लागत लगभग दो करोड़ रुपये होगी। यह कीमत विदेशी ट्रेनर विमानों की कीमत से लगभग आधी है। यह जानकारी आज मंगलवार को



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। वह विज्ञान भवन में सभी प्रमुख विज्ञान विभागों के सचिवों के साथ उच्चस्तरीय मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यह गर्व की बात है कि नया विमान सीएसआईआर की राष्ट्रीय वैमानिकी प्रयोगशाला बेंगलुरु द्वारा पूरी तरह स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है।



उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की रफ्तार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक और बड़ी सफलता दर्ज हुई। निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी द्वारा मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हाई-लेवल निवेशक राउंडटेबल में देश के अग्रणी उद्योगपतियों ने प्रदेश की पारदर्शी नीतियों और अनुकूल निवेश माहौल की खुलकर सराहना की।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद मामले में यूपी सरकार को लगाई फटकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को इस बात के लिए फटकार लगाई है कि उसने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर दो निजी पक्षकारों के बीच चल रहे विवाद को हाईजैक कर लिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अगर राज्य सरकार इस तरह निजी पक्षकारों के बीच आएगी, तो कानून का शासन खत्म हो जाएगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा कि क्या राज्य सरकार सुनवाई में हिस्सेदार रही है। राज्य सरकार किस हैसियत से इस विवाद में कूद सकती है। आप विवाद को हाईजैक नहीं कर सकते हैं। दो निजी पक्षकारों के बीच के मामले में राज्य सरकार हस्तक्षेप याचिका कैसे दायर कर सकती है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को संशोधित करने की यूपी सरकार की मांग पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में उन्हें पक्षकार बनाये ही राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये दे दिए गए। सिब्बल ने पूछा कि किसी दूसरी याचिका के जरिये किसी निजी मंदिर की कमाई को राज्य सरकार को कैसे दिया जा सकता है। तब यूपी सरकार ने कहा कि राज्य

**लताड़ा**

□ अगर राज्य सरकार इस तरह निजी पक्षकारों के बीच आएगी, तो कानून का शासन खत्म हो जाएगा

सरकार ने बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट का गठन किया है और वो ट्रस्ट कॉरीडर के काम को देखेगी। यूपी सरकार ने कहा कि पूरा पैसा ट्रस्ट के पास है न कि राज्य सरकार के पास। तब सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को ट्रस्ट के निर्माण संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना की प्रति दाखिल करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को संशोधित करते हुए यूपी सरकार को मंदिर के 500 करोड़ रुपयों से कॉरिडोर के लिए मंदिर के पास 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की इजाजत दे दी थी।

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने शर्त लगाई थी कि अधिगृहित भूमि देवता के नाम पर पंजीकृत होगी। दरअसल, यूपी सरकार कॉरीडोर विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वहन करना चाहती है, लेकिन यूपी सरकार ने संबंधित जमीन खरीदने के लिए मंदिर के पैसों का इस्तेमाल करने का प्रस्ताव रखा था।

## कन्नौज के दिव्यांग पुजारी ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** कन्नौज जिले के दिव्यांग पुजारी गोपालदास ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने धर्म, संस्कृति के संरक्षण और विकास के सतत कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री की सराहना करने के साथ कन्नौज में बजरंग बली के मंदिर निर्माण में आ रहे व्यवधान के बारे में बताया। कहा, कुछ लोग मंदिर निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। इस पर सीएम योगी ने उन्हें



आश्वस्त किया कि जांच कराकर न्यायपूर्ण कार्रवाई की जाएगी। किसी को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। जनता दर्शन में कुर्सी पर बैठाए गए दिव्यांग पुजारी गोपालदास से मिलते ही मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम और जनता दर्शन में आने का प्रयोजन पूछा। गोपालदास ने बताया कि वह कन्नौज जिले के सौरिख थानाक्षेत्र के ग्राम टाड़ा रायपुर से आए हैं।

**मांग**

□ मुख्यमंत्री की सराहना करने के साथ कन्नौज में बजरंग बली के मंदिर निर्माण में आ रहे व्यवधान के बारे में बताया

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने किया फेरबदल, 21 हाई कोर्ट जजों के तबादले की सिफारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एक बड़े फेरबदल के तहत विभिन्न हाई कोर्ट के 21 जजों के ट्रांसफर की अनुशंसा की है। कॉलेजियम ने पांच हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त करने की भी सिफारिश की है। कॉलेजियम ने तेलंगाना हाई कोर्ट के जज जस्टिस सुजॉय पॉल को कलकत्ता हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट के जज जस्टिस वी कामेश्वर राव को दिल्ली हाई कोर्ट, गौहाटी हाई कोर्ट के जज जस्टिस लानुसुंगकुम जमीर को कलकत्ता हाई कोर्ट, गौहाटी हाई कोर्ट के जज जस्टिस मानस रंजन पाठक को उड़ीसा हाई कोर्ट, बांबे हाई कोर्ट के जज जस्टिस नितिन वासुदे सांब्रे को दिल्ली हाई कोर्ट, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट, गौहाटी हाई कोर्ट के जज जस्टिस सुमन श्याम को बांबे हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को राजस्थान हाई कोर्ट, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस विवेक चौधरी को दिल्ली हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा की गई है।

**फेरबदल**

□ सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पांच हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त करने की भी सिफारिश की है

## यूपीः प्रदेश में लागू हुई केंद्र की राहवीर योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई "राहवीर योजना" को उत्तर प्रदेश में लागू कर दिया गया है, जिसके तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को "गोल्डन-ऑवर" में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25,000 रुपए का इनाम मिलेगा। इस योजना के तहत सरकार सड़क हादसों में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को इनाम देगी। यह योजना लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की गई है।




**नवाचार** *सहकारी क्षेत्र युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार का सशक्त माध्यम : डॉ. शांडिल*

## सीईईडब्ल्यू ने लॉन्च की 'इंडियाज हीटवेव हीरोज' सीरीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) ने मंगलवार को "इंडियाज हीटवेव हीरोजः लोकल सॉल्यूशंस इन ए हॉटर वर्ल्ड" नामक वीडियो सीरीज लॉन्च की। पांच भागों में बनी यह यूट्यूब सीरीज देश के विभिन्न हिस्सों में गर्मी से निपटने के स्थानीय प्रयासों और नवाचारों को उजागर करती है। इस सीरीज को लोकप्रिय राष्ट्रीय और क्षेत्रीय डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स ने होस्ट किया है, जिनमें अभिनेता आशीष विद्यार्थी, अशरफ एक्सेल, अलीवा मिश्रा (लुईस गुड लाइफ), शक्ति सिंह



(ट्रैवलिंग मंडेज) और श्वेता राठौर (विट्टीस्पेस) शामिल हैं। गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, ओडिशा और केरल जैसे राज्यों में यह सीरीज ऐसे ग्रासरूट चैंपियंस और स्थानीय संस्थाओं को रेखांकित करती है जो गर्मी से निपटने की सामर्थ्य और कूलिंग इनोवेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह सीरीज ऐसे समय में आई है जब भारत जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती मौसमी अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है-देश के भीतरी हिस्से भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं, उत्तर भारत में मई में रिकॉर्ड वर्षा हुई है और दक्षिण व पूर्वोत्तर में समय से पहले मानसून ने दस्तक दी है। सीईईडब्ल्यू के एक हालिया अध्ययन में सामने आया है कि भारत के 57 प्रतिशत जिले अत्यधिक हीट रिस्क का सामना कर रहे हैं।
दिल्ली, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शीर्ष दस सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं, जहां स्थानीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। 'इंडियाज हीटवेव हीरोज' श्रृंखला इस संकट की चर्चा को बढ़ते तापमान से आगे ले जाकर व्यवहारिक और जनकेंद्रित समाधानों की ओर मोड़ती है।